NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :-190, पृष्ठ : 12 | गुरुवार, 15 जनवरी, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## मकर संक्रांति पर्व पर सुबह से ही लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

# आस्था का संगम



**प्रयागराज।** मकर संक्रांति पर्व पर कड़कड़ाती ठंड पर आस्था भारी रही। भोर से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह 10 बजे तक 36 लाख से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके थे। मकर संक्रांति पर करीब ढाई लाख श्रद्धालुओं के त्रिवेणी में स्नान करने का अनुमान लगाया गया है। पूरे माघ मेले में सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद इंतजाम हैं। एटीएस की नजर पूरे मेले पर है। पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के साथ ड्रोन से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। मकर संक्रांति पर मेला प्रशासन ने दो से ढाई करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान करने का अनुमान जताया है। इसके 24 स्नान घाटों पर इंतजाम किया गया है। इसके अलावा हाईटेक रिस्पांस प्लान लागू कर आधुनिक ट्रैफिक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

### बीएमसी चुनाव में मतदान को उमड़ी भीड़

# महाराष्ट्र की 29 नगर-निगम में वोटिंग जारी



**सीएम देवेंद्र फडणवीस, मोहन भागवत, अक्षय कुमार, सचिन तेंदुलकर ने डाला वोट**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में आज वोट डाले जा रहे हैं। सुबह 7:30 बजे से मतदान शुरू हो गया है जो शाम 5:30 बजे तक चलेगा। शुक्रवार को इसका रिजल्ट आएगा।

कई वोटर्स के पोलिंग बूथ बदलने से लोग परेशान हुए। महाराष्ट्र के मंत्री गणेश नाइक, शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चुतर्वेदी के भी पोलिंग बूथ बदल गए। उन्होंने लोगों से पोलिंग बूथ चेक करके वोट करने आने की अपील की। कुछ जगहों पर एप्ट में खराबी की भी शिकायत सामने आई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना चीफ राज ठाकरे ने वोट डालने के बाद कहा कि पहले जो इंक इस्तेमाल होती थी, उसे एक नए पेन से बदला जा रहा है। अगर आप हैंड सैनिटाइजर लगाते हैं, तो इंक गायब हो जाती है। यह दिखाता है कि सरकार सत्ता में बने रहने के लिए कुछ भी कर सकती है।

वहीं, वोटिंग शुरू होते ही पोलिंग बूथ्स के बाहर लोगों की लाइन लग गई। फ्रर चीफ मोहन भागवत, बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, गीतकार गुलजार, सचिन तेंदुलकर ने वोट डाला। मोहन भागवत ने कहा कि आरएसएस का विकल्प अवांछित उम्मीदवार को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा- आरएसएस का मतलब है कि आप सभी को अस्वीकार करते हैं, लेकिन किसी को वोट देना किसी को भी वोट न देने से बेहतर है।

बीएमसी चुनाव में कुल 227 सीटों पर चुनाव हो रहे हैं। भाजपा-शिवसेना (शिंदे गुट) में गठबंधन है। बीजेपी 137 सीटों पर लड़ रही है वहीं शिंदे की शिवसेना ने 90 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। उधर शिवसेना यूबीटी ने मनसे के साथ अलांयस किया है।

# भोपाल में भीषण एक्सीडेंट, पांच लोगों की दर्दनाक मौत



**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के बेरसिया इलाके में देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रैक्टर-ट्रॉली और पिकअप वाहन के बीच आमने-सामने की टक्कर होने से एक ही परिवार के 3 सदस्यों समेत 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि इस भीषण हादसे में 10 लोग घायल भी हो गए। बेरसिया थाना प्रभारी विजेंद्र सेन ने बताया कि नर्मदापुरम की ओर जा रही पिकअप और नर्मदापुरम से मकर संक्रांति के पर्व पर स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर-ट्रॉली की भोपाल जिले की बेरसिया तहसील के बाहरी इलाके में टक्कर हो गई।

थाना प्रभारी ने बताया कि पिकअप वाहन में सवार सिरोंज निवासी 40 वर्षीय मुकेश अहिरवार, 60 वर्षीय बबरी बाई, 14 वर्षीय दीपक, 60 वर्षीय लक्ष्मी बाई और 60 वर्षीय हरि बाई की मौके पर ही मौत हो गई। सेन ने आगे कहा कि दोनों वाहनों में सवार 3 बच्चों समेत कुल 10 लोग घायल हुए हैं।

# तिरुपति जा रही मालगाड़ी पटरी से उतरी

**नेल्लोर।** आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले से ट्रेन हादसे की एक खबर सामने आ रही है जहां एक मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरियों से नीचे उतर गए। इस खबर की जानकारी मिलने के तुरंत बाद रेलवे के अधिकारी और स्टाफ मौके पर पहुंचे। आपको बता दें कि मालगाड़ी के पटरी से उतरने की वजह से रेलवे ट्रैक डैमेज हो गया है जिसे अब ठीक करने की कोशिश की जा रही हैं।

पटरी के डैमेज होने के कारण उस रूट पर आवाजाही करने वाली कुछ ट्रेनों में रुकावट आने की संभावना जताई जा रही है मगर इस पर अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं आई है।

# पीएम मोदी ने कॉमनवेल्थ के स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स के 28वें कॉन्फ्रेंस का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद भवन परिसर में राष्ट्रमंडल देशों के लोकसभा अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने की। इसमें विश्व के विभिन्न हिस्सों से 42 राष्ट्रमंडल देशों और 4 अर्ध-स्वायत्त संसदों के 61 लोकसभा अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने सभा को संबोधित किया।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा, जिस स्थान पर आप सब बैठे हैं वो भारत के लोकतांत्रिक सफर का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। गुलामी के आखिरी सालों में जब भारत की आजादी तय हो चुकी थी उस समय इसी सेंट्रल हॉल में भारत के संविधान




की रचना के लिए संविधान सभा की बैठकें हुई थीं। भारत की आजादी के बाद 75 सालों तक ये इमारत भारत की संसद रही। इसी हॉल में भारत के भविष्य से जुड़े अनेक निर्णय और चर्चाएं हुईं। लोकतंत्र को समर्पित इस स्थान को भारत ने संविधान सदन का नाम दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि दिलचस्प बात यह है कि स्पीकर को ज्यादा बोलने का मौका नहीं मिलता। उनका काम दूसरों को बोलते हुए सुनना और यह पक्का करना है कि सबको मौका मिले। स्पीकर्स में एक आम बात उनका धैर्य होता है। वो शोर मचाने वाले और ज्यादा उत्साहित सदस्यों को भी मुस्कान के साथ संभालते हैं।

पीएम मोदी ने कहा, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। भारत में यूपीआई दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पेमेंट सिस्टम है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन प्रोड्यूसर है। भारत दुनिया का नंबर 2 स्टील प्रोड्यूसर है। भारत में दुनिया का तीसरा बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट है। भारत में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। भारत में दुनिया का तीसरा बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क है।

# तनाव के बीच ईरान ने एयरस्पेस किया बंद

**तेहरान।** विरोध प्रदर्शनों और तनाव के चलते ईरान में एयरस्पेस बंद कर दिया गया है। जिसके बाद एअर इंडिया ने अपनी उड़ानों के रूट में बदलाव किया है। एअर इंडिया ने एक बयान जारी कर बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए एअर इंडिया ने ईरान की बजाय अन्य वैकल्पिक रूट का इस्तेमाल करेगी, जिसके चलते कई उड़ानों के रूट बदले गए हैं। जिन उड़ानों के रूट बदलना संभव नहीं हो पाया है, उन्हें रद्द कर दिया गया है। यही वजह है कि एअर इंडिया ने यात्रियों के लिए गाइडलाइन जारी कर कहा है, 'यात्री एयरपोर्ट पहुंचने से पहले हमारी वेबसाइट पर अपनी उड़ानों का स्टेटस चेक कर लें, ताकि उन्हें परेशान न होना पड़े।'

ईरान ने गुरुवार सुबह बिना किसी स्पष्टीकरण के कमर्शियल विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद करने का आदेश और बढ़ा दिया, क्योंकि देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों पर तेहरान की कड़ी कार्रवाई को लेकर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ ईरान का तनाव बना हुआ है। पिछले आदेश में एयरस्पेस को सिर्फ करीब दो घंटे के समय के लिए बंद किया गया था। अब एक नोटिस में कहा गया कि एयरस्पेस स्थानीय समय के अनुसार




सुबह 7.30 बजे तक रहने का अनुमान है। ईरानी सरकार ने अपने एयरस्पेस को बंद करने के फैसले का कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया।

ईरान ने अमेरिका और इस्राइल को दी धमकी

ईरानी अधिकारियों ने बुधवार को संकेत दिया कि देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों में हिरासत में लिए गए संदिग्धों के लिए, जल्द ही सुनवाई और फांसी की सजा होगी। साथ ही ईरान ने धमकी दी कि अगर अमेरिका या इस्राइल उनके घरेलू मामले में हस्तक्षेप करते हैं तो वह जवाबी कार्रवाई करेगा। ईरान की ये धमकियां तब सामने आईं जब अमेरिका ने कतर में एक प्रमुख अमेरिकी सैन्य अड्डे पर कुछ सैनिकों को वहां से निकलने की सलाह दी गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते 24 घंटे के भीतर कई बयान दिए, लेकिन यह साफ नहीं हुआ कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी कार्रवाई क्या होगी। पायलटों को दिए गए एक नोटिस के अनुसार, इस्लामिक गणराज्य ईरान ने गुरुवार सुबह बिना किसी स्पष्टीकरण के कई घंटों के लिए कमर्शियल उड़ानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया।

## अगले 24 घंटे अहम

ईरान में जारी हिंसा के बीच बड़ी खबर सामने आ रही है। अमेरिका की नेक्सटा टीवी ने अन्य मीडिया के हवाले दावा किया है कि अमेरिका ईरान में अगले 24 घंटे में बड़ा हमला कर सकता है। यह दावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों पर सख्त टिप्पणियों के बीच सामने आया है। दो यूरोपीय अधिकारियों के हवाले दावे में कहा गया है कि अमेरिका ईरान पर सैन्य हमला कर सकता है, और यह अगले 24 घंटों में भी संभव है। यह खुलासा ऐसे समय हुआ है जब ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों में अब तक 2,600 से अधिक मौतें हो चुकी हैं, और ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों को समर्थन देते हुए कहा है ‘मदद रास्ते में है’। हालांकि, अब तक अमेरिकी समर्थन सिर्फ मौखिक ही रहा है। ईरान में 28 दिसंबर से शुरू हुए प्रदर्शन अर्थव्यवस्था के पतन, मुद्रा के अवमूल्यन और सरकारी दमन के खिलाफ हैं।

# 'जून में जो गलती की, उसे दोबारा न करे अमेरिका'

## ट्रंप की धमकी के बीच ईरान के विदेश मंत्री की चेतावनी

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्री ने अमेरिका को धमकी के साथ ही रुख में नरमी के भी संकेत दिए। उन्होंने कहा कि ईरान बातचीत और कूटनीति के लिए तैयार है। लेकिन उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वे हमेशा कूटनीति से बचते हैं और युद्ध चुनते हैं।

ईरान में जारी विरोध प्रदर्शन के बीच तनाव बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एक बयान में प्रदर्शनकारियों का समर्थन करते हुए उनसे विरोध प्रदर्शन जारी रखने की अपील की थी। उन्होंने ये भी कहा मदद आ रही है। इस पोस्ट के बाद कयास लगने लगे कि शायद अमेरिका, ईरान पर हमला कर सकता है। अब इन कयासों के बीच ईरान की सरकार ने चेतावनी दी है कि पिछली गलती न दोहराएं। माना जा रहा है कि ईरान ने



जून 2025 में ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले से जोड़ते हुए ये बात कही।

फॉक्स न्यूज के होस्ट ब्रेट बेयर ने जब ये सवाल किया कि क्या उनके पास राष्ट्रपति ट्रंप के लिए कोई संदेश है, जो प्रदर्शनकारियों की मदद के लिए किसी तरह की कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं? इस पर ईरानी विदेश मंत्री ने कहा, 'मेरा संदेश है कि जून में आपने जो गलती की थी, उसे दोबारा न दोहराएं। आप जानते हैं, अगर आप एक असफल अनुभव को दोहराते हैं, तो आपको वही परिणाम मिलेगा।'

## आनंदा डेयरी प्लांट पर आयकर विभाग की टीम ने मारा छापा

**बुलंदशहर।** स्याना नगर के गढ़ मार्ग स्थित आनंदा डेयरी प्लांट पर गुरुवार सुबह सात बजे दिल्ली व उत्तर प्रदेश नंबर की गाड़ियों से आए आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम ने छापा मारा। डेयरी प्लांट का गेट बंद कर जांच की जा रही है। टीम ने डेयरी से तमाम फाइलों, कंप्यूटर और मोबाइल को कब्जे में ले लिया है।

आनंदा डेयरी ग्रुप का गढ़ मार्ग स्थित नवीन मंडी के समीप डेयरी प्लांट है। सुबह सात बजे कर्मचारी काम कर रहे थे। इस बीच अचानक दिल्ली और उत्तर प्रदेश नंबर की नौ से 10 टैक्सी गाड़ियां डेयरी गेट पर पहुंचीं। टीम के साथ पुलिस टीम भी थी, लेकिन स्थानीय पुलिसकर्मी शामिल नहीं थे।

टीम के साथ आए पुलिसकर्मियों ने डेयरी के सुरक्षा गार्डों को गेट से हटा दिया। किसी को भी डेयरी के अंदर और बाहर जाने पर सख्त पाबंदी लगा दी गई। डेयरी के कार्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों के साथ ही श्रमिकों को भी एक जगह एकत्र कर सभी के मोबाइल टीम ने जब्त कर लिए। सूत्र बताते हैं कि आयकर टीम ने तमाम कागजात कब्जे में ले लिए हैं। कंप्यूटरों की जांच भी की जा रही है।

## ट्रैक पर मिले युवक-युवती के क्षत-विक्षत शव, शिनाख्त के प्रयास जारी

**हरदोई।** जिले में लखनऊ-दिल्ली रेल मार्ग पर देहात कोतवाली क्षेत्र के खदरा रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत युवक (23) और युवती (21) के शव मिले हैं। शव बुधवार आधी रात के बाद मिले हैं। देहात कोतवाल हरिनाथ यादव ने बताया कि गेटमैन ने उन्हें बुधवार आधी रात के बाद 2:45 बजे सूचना दी। इसमें बताया कि खदरा रेलवे फाटक के खंबा नंबर 1173 के पास युवक-युवती के शव पड़े हैं। शव मोर्चरी में रखवा दिए गए हैं। शवों की पहचान नहीं हो पाई है। दोनों



के पास से कोई भी चीज बरामद नहीं की गई है। प्राथमिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है। दोनों की पहचान के लिए टीम में लगाई गई है।

## लैंप की पतंग से फर्नीचर के गोदाम में लगी आग

**दौसा।** मकर संक्रांति के मौके पर दिनभर पतंगबाजी के बाद अब आतिशबाजी की जगमगाहट हो रही है। लेकिन राजस्थान के दौसा में त्योहार की खुशियां मातम में बदल गई। शहर में लैंप की पतंग से प्लाईवुड फर्नीचर के एक गोदाम में भीषण आग लग गई है। आग इतनी भयावह है कि उसने आसपास के कई मकानों की दीवारों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग तेजी से फैलते हुए विकराल और रौद्र रूप धारण किए हुए है।

घटना दुर्गा मंदिर के पास स्थित प्लाईवुड फर्नीचर गोदाम की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही दमकल



विभाग की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, जहां आग बुझाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। हालांकि गोदाम में लकड़ी और प्लाई होने के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल बना हुआ है।

**भारी पुलिस बल मौके पर तैनात**

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली थाना और सदर थाना पुलिस सहित भारी पुलिस बल मौके पर तैनात है। क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल है, पुलिस द्वारा आसपास के इलाके को सुरक्षित कराया जा रहा है। दमकल कर्मी लगातार आग पर काबू पाने में जुटे हुए हैं।

वहीं, आपको बता दें कि राज्य में तमाम कोशिशों के बावजूद लोग धड़ल्ले से चाइनीज मांझे का इस्तेमाल कर रहे हैं। चाइनीज मांझे के कारण राज्य से कई लोगों की मौत की खबरें आई हैं। कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## जम्मू में 14 साल बाद रिकॉर्ड तोड़ ठंड, डल झील समेत कई जलाशय जमे

**श्रीनगर/जम्मू।** जम्मू में शीतलहर से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। कोहरे और कड़ाके की ठंड के बीच बुधवार को 14 सालों बाद जम्मू में दिन का तापमान सामान्य तापमान से 10.1 डिग्री गिरकर 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो अब तक का जनवरी में दिन में चौथी बार न्यूनतम तापमान है। इससे पहले 2011 में जम्मू में जनवरी में दिन का न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस रहा था।

पारे में जबरदस्त गिरावट से



श्रीनगर, पहलगाम और गुलमर्ग के साथ प्रदेश के अन्य जिलों से भी जम्मू ठंडा रहा और इस सीजन का सबसे अधिक सर्द दिन बीता। ठंड को देखते हुए जम्मू संभाग के समर जोन के सरकारी व निजी स्कूलों में सर्दी की छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। कोहरे के कारण रेल और हवाई सेवाएं लगातार प्रभावित हैं। वहीं, रात के तापमान में गिरावट से विश्व विख्यात डल झील समेत कश्मीर के अन्य खुले में जलाशय जम गए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के अनुसार 16 जनवरी से मौसम में उतार चढ़ाव रहेगा। 20 जनवरी तक कुछ हिस्सों में बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

हालांकि, प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में दिन का पारा सामान्य तापमान से 7 से 9 डिग्री ऊपर चल रहा है। जम्मू में मकर संक्रांति पर दिनभर कोहरा छाया रहा। दृश्यता की कमी से सड़कों पर वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हुई। शरीर में कंपकंपी बढ़ाने वाली ठंड का बाजार पर भी असर दिख रहा है। यहां न्यूनतम तापमान भी सामान्य तापमान 2.9 डिग्री गिरकर 4.0 डिग्री सेल्सियस रहा। राजधानी श्रीनगर में अधिकतम तापमान सामान्य तापमान से 6.7 डिग्री चढ़कर 13.3, पहलगाम में 10.6 और गुलमर्ग में 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
( प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )



## मकर संक्रांति पर किया यमुना स्नान

मकर संक्रांति के अवसर पर आज सुबह से ही मथुरा-वृंदावन के मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी हुई है। श्रद्धालु यमुना स्नान के बाद भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते और दान-पुण्य करते देखे गए। मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन यमुना स्नान और दान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी विश्वास के चलते श्रद्धालु रेवड़ी, मूंगफली, तिल, खिचड़ी, वस्त्र और अन्य जरूरतमंद वस्तुओं का दान कर रहे हैं।

# 12 घंटे बाद तालाब में मिली डेढ़ साल की बच्ची की लाश





**फिरोजाबाद** एनएनआई। जसराना में अपनी मां के साथ पिछले एक माह से ननिहाल में रह रही डेढ़ वर्ष की मासूम बुधवार की सायं चार बजे से लापता हो गई है। बच्ची के लापता होने की जानकारी पर थाना से पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा और बच्ची की तलाश की। लोगों द्वारा शक जाहिर करने पर घर के पास मौजूद तालाब को खाली कराया गया। पानी कम होने पर बृहस्पतिवार की सुबह साढ़े चार बच्ची का शव तालाब से बरामद हुआ। बच्ची का शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। हत्या कर शव फेंकने की आशंका के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

एटा के पटियाली गेट निवासी डेढ़ वर्ष की प्रज्ञा एक माह पूर्व अपनी मां रूबी के साथ अपनी ननिहाल नगला राजे थाना जसराना आई थी। एक माह से वह अपने नाना नाहर सिंह के यहां रह रही थी। बृहस्पतिवार को रूबी एवं बच्ची को बुलाने उसके पिता कमल प्रताप आने वाले थे। बुधवार की सायं चार बजे रूबी ने बच्ची को दूध पिलाया था। दूध पीने के बाद प्रज्ञा अन्य बच्चों के साथ खेलने लगी। इसी दौरान रूबी जसराना में खरीददारी करने आ गई। लौटकर पहुंची तो बच्ची नहीं मिली।

मासूम के नहीं मिलने पर चीख पुकार मचने लगी। चीख पुकार मचने पर ग्रामीणों ने बच्ची को तलाशने का प्रयास किया। तलाशने के बाद भी नहीं मिलने पर सायं आठ बजे पुलिस को सूचना दी। डेढ़ वर्ष की मासूम के गायब होने की जानकारी मिलने पर सीओ प्रेमप्रकाश पांडेय थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। परिजनों से जानकारी लेने के साथ आसपास के घरों के साथ खेत में भी तलाश किया। वहीं घर के पास मौजूद तालाब को ग्रामीणों की मदद से पुलिस खाली कराया।

# 25 हजार का इनामी साइबर अपराधी मुठभेड़ में गिरफ्तार

एनएनआई

**मथुरा**। साइबर क्राइम को लेकर मिनी जामताड़ा के रूप में कुख्यात हो चुके देवसेरस इलाके का एक और कुख्यात ठग पुलिस मुठभेड़ में बुधवार देर रात गिरफ्तार हो गया। गोवर्धन पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई के दौरान 25 हजार रुपये के इनामी साइबर ठग को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। पैर में गोली लगने से शातिर घायल हो गया है।

सीओ गोवर्धन अनिल कुमार ने बताया कि बुधवार रात साढ़े 11 बजे चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि 25 हजार रुपये का इनामी साइबर ठग मोहम्मद साद उर्फ काला निवासी ग्राम देवसेरस थाना गोवर्धन किसी रिश्तेदारी में छिपने के उद्देश्य से गाठोली जमुनाबता बाईपास की ओर जाने वाला है। इस पर थाना गोवर्धन और एसओजी की संयुक्त टीम ने घेराबंदी की।



रात लगभग साढ़े 11 बजे डीग से मथुरा जाने वाले मार्ग पर मुठभेड़ में उसे गिरफ्तार किया गया। पैर में गोली लगने से शातिर घायल हो गया है। आरोपित लंबे समय से साइबर अपराध में संलिप्त था और फर्जी सिम कार्ड व फर्जी नंबरों के जरिए देश के विभिन्न राज्यों में लोगों को कॉल कर खुद को अधिकारी या परिचित बताकर साइबर ठगी करता है। दिसंबर में गांव में दबिश के दौरान शातिर भागने में कामयाब हो गया था। एसएसपी ने उसपर 25 हजार का इनाम घोषित किया था। उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस, और बिना नंबर की बाइक बरामद हुई है।

# मनरेगा का नाम बदलने पर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

एनएनआई

**फिरोजाबाद**। में कांग्रेस पार्टी ने वाराणसी में मनरेगा का नाम बदलने और एसआईआर के विरोध में प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं पर पुलिस की कथित कार्रवाई के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

यह विरोध प्रदर्शन जिला मुख्यालय पर आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव और महानगर अध्यक्ष शफात खान राजू ने किया। इसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों सरकारें सत्ता के नशे में लोकतंत्र की खुलेआम धज्जियां उड़ा रही हैं और संविधान को समाप्त करने की दिशा में काम कर रही हैं। यादव ने कहा कि सत्ता में बने रहने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है और पुलिस-प्रशासन के जरिए हक और अधिकार की आवाज उठाने वालों को दबाया जा रहा है।

रामनिवास यादव ने आगे कहा कि कांग्रेसियों को डराने-धमकाने की कोशिशें बेकार हैं। उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेसियों ने 200 साल तक शासन करने वाले अंग्रेजों को देश से खदेड़ दिया था। ऐसे में अंग्रेजों की दलाली करने वाले भाजपाई उनके सामने नहीं टिक सकते।





# शीतलहर और घना कोहरा, जनजीवन काफी प्रभावित

एनएनआई

**आगरा/हाथरस**। गुरुवार सुबह से ही कड़ाके की सर्दी और घना कोहरा छाया हुआ है। घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी लगभग शून्य हो गई है, जिससे सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सड़कों पर वाहन धीमी गति से रेंगते हुए नजर आए, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

आना-जाना पर भी सर्दी का असर दिखा; रोडवेज बसों का परिचालन धीमा हो गया है, जबकि ट्रेनें निर्धारित समय से काफी देरी से चल रही हैं। हाथरस जंक्शन पर टाटानगर एक्सप्रेस डेढ़ घंटे और गोमती एक्सप्रेस एक घंटे की देरी से चल रही है। आज गुरुवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। 94 प्रतिशत आर्द्रता के कारण भी सर्दी का प्रकोप अधिक महसूस किया जा रहा है। ठंड के कारण सुबह के समय बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा।




# आधुनिक सुविधाओं के साथ आरएसएस के माधव भवन का हुआ लोकार्पण

**आगरा।** जयपुर हाउस स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का ब्रजप्रांत कार्यालय माधव भवन 49 वर्षों बाद पूरी तरह नए स्वरूप में तैयार हो गया है। गुरुवार को इसका उदघाटन किया गया। आधुनिक सुविधाओं से लैस इस पांच मंजिला माधव भवन का उदघाटन शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी, राजराजेश्वराश्रम जी महाराज, सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने किया। यह माधव भवन एंट्री गेट से लेकर अंदर के हॉल तक, पूरा परिसर किसी फाइव स्टार होटल की तरह सुसज्जित है। ब्रज और राजस्थानी शैली में निर्मित पांच मंजिला भवन में चमचमाता फर्श, अत्याधुनिक किचिन, लिफ्ट, सेंट्रल एयर कंडीशन हॉल, ऑटोमैटिक लाइट सिस्टम और पूरे कैंपस में वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जैसे ही कोई व्यक्ति सीढ़ियों या हॉल में कदम रखता है, सेंसर आधारित लाइटें स्वतः जल उठती हैं।

करीब 1000 वर्गगज क्षेत्रफल में बने इस नवनिर्मित कार्यालय में कुल 21 कमरे और 3 बड़े एसी हॉल हैं, जहां संघ के स्वयंसेवकों और पदाधिकारियों की बैठकें आयोजित होंगी। हर फ्लोर पर कॉमन टॉयलेट की व्यवस्था है, जबकि अलग-अलग पदाधिकारियों के लिए पृथक कक्ष बनाए गए हैं। इसके अलावा भवन में आरओ प्लांट, 5000 लीटर क्षमता का गीजर, आधुनिक रिसेप्शन और सुरक्षित व्यवस्थाएं भी की गई हैं।

# मलपुरा में बंद मकान से लाखों के जेवरात चोरी

- चोर घर का ताला तोड़ नकदी जेवरात लेकर हुए फरार
- रिटायर्ड सूबेदार के घर से लाखों के जेवरात और नकदी चोरी
- थाना मलपुरा क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में इजाफा आमजन भयभीत



एनएनआई

**मलपुरा।** कस्बा मलपुरा में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दिनदहाड़े चोरों ने एक रिटायर्ड फौजी के बंद घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये की चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया। दिन के उजाले में हुई इस घटना से न सिर्फ इलाके में हड़कंप मच गया, बल्कि स्थानीय लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल भी साफ तौर पर देखा जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोरों ने कस्बा मलपुरा निवासी रिटायर्ड सूबेदार देवेंद्र पाल सिंह, पुत्र स्वर्गीय महेन्द्र सिंह, के घर को निशाना बनाया। चोर घर में रखे लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषणों के साथ नकदी लेकर फरार हो गए। पीड़ित देवेंद्र पाल सिंह ने बताया कि, उनका पुत्र भारतीय सेना में जोधपुर में तैनात है। बुधवार दोपहर करीब दो बजे उनकी पत्नी पुष्पा देवी घर पर ताला लगाकर मंदिर दर्शन के लिए गई थीं। जबकि वह स्वयं अपने पुराने मकान में चल रहे निर्माण कार्य को देखने चले गए थे। इसी दौरान चोरों ने सुनसान घर का फायदा उठाया। शाम लगभग पांच बजे जब देवेंद्र पाल सिंह अपनी पत्नी के साथ घर लौटे। तो उन्होंने देखा कि, मुख्य गेट अंदर से बंद था। यह देख उनके होश उड़ गए। इसके बाद वह दीवार फांदकर घर के अंदर दाखिल हुए। जहां का नजारा देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। घर के सभी कमरों के ताले टूटे हुए थे। और अलमारी से सोने-चांदी के कीमती आभूषण, करीब 50 हजार रुपये की नकदी तथा लगभग 30 हजार रुपये की नई करेंसी गायब मिली। चोर पूरे इत्मीनान से वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो चुके थे।

घटना की सूचना मिलते ही मलपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। चोरी की इस बड़ी घटना के बाद से कस्बे के लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

थाना प्रभारी मलपुरा राजेन्द्र वशिष्ठ ने बताया कि, चोरी की घटना की तहरीर प्राप्त हो चुकी है। पुलिस टीम मौके पर जांच कर रही है। और सीसीटीवी फुटेज व स्थानीय जानकारी के आधार पर चोरों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि, आरोपियों को शीघ्र ही पकड़ लिया जाएगा। दिनदहाड़े हुई इस बड़ी चोरी की घटना ने पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस से क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

# टेढ़ी बगिया में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

एनएनआई

**आगरा।** टेढ़ी बगिया क्षेत्र में बुधवार को नगर निगम की टीम ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए बस डिपो के पास बनाए गए खोखों और अस्थायी दुकानों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में फैले अतिक्रमण को हटाया गया और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने की दिशा में कदम उठाया गया।

अतिक्रमण अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई प्रशासन की निगरानी में की गई। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंधक द्वारा बस डिपो क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर नगर निगम और जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायतों के संज्ञान में आने के बाद नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जों को हटवाया। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार अतिक्रमण के कारण बस डिपो के आसपास आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती थी, जिससे यात्रियों को भी परेशानी होती थी। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में आवागमन सुचारु होने की उम्मीद जताई जा रही है। नगर निगम ने चेतावनी दी है कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# शासनादेश के बाद भी तहसीलों में नहीं बन रहे धनगर जाति प्रमाणपत्र

एनएनआई

**एत्मादपुर।** शासनादेश के बावजूद तहसीलों में धनगर अनुसूचित जाति के प्रमाणपत्र नहीं बनाए जाने से इस समाज के लाखों लोग मौजूदा समय में प्रशासन से नाराज हैं। उप्र धनगर महासभा के पदाधिकारियों ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन के बाद एसडीएम सुमित कुमार सिंह को सौंपे मांग पत्र में शासनादेश के तहत धनगर अनुसूचित जाति के प्रमाणपत्र जारी किए जाने की मांग करते हुए प्रशासन के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है।



महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भंवर सिंह धनगर एडवोकेट के नेतृत्व में आए पदाधिकारियों ने बताया कि हाईकोर्ट की रिट संख्या 40, 462/2009 में 14 मार्च 2012 में दिए गए निर्णय एवं एससीएसटी की अनुसूचित जाति राष्ट्रीय आयोग के 16 जनवरी 2013 के निर्णय के अनुपालन एवं 24 जनवरी 2019 के आदेश 207 सीएम 26.3.18 के स्पष्टीकरण आदेश के अनुपालन में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 7 जुलाई 2025 के बजट में अंग्रेजी प्रारूप में वहीं प्रमाण पत्र जारी कराए जाने के शासनादेश हुए हैं। लेकिन तहसील से धनगर प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किए जा रहे हैं। अथवा प्रमाण पत्र आवेदन खारिज किया जा रहा हैं। इससे धनगर समाज में आक्रोश है। मांग की गई है कि यदि तहसील से अविलंब प्रमाण पत्र जारी नहीं किए गए तो धनगर समाज एकजुट होकर प्रशासन में विरोध में प्रभावी आंदोलन करेगा। एसडीएम को मांग पत्र देने वालों में जितेन्द्र कुमार धनगर, अधिवक्ता हरिओम धनगर, बहोरी सिंह, मुकेश कुमार, मिश्रीलाल, ओमकार सिंह, संतोष कुमार, राकेश कुमार, नवाब सिंह, विजय वीर सिंह, जितेंद्र सिंह, विनोद कुमार, गोवर्धन सिंह, आकाश दीप सिंह, ओमवीर सिंह, अंकुश धनगर, लायक सिंह आदि शामिल थे।

# ढलाई कारखाना संचालक से 1.40 लाख रुपये कैश व अंगूठी लूटी

एनएनआई

**आगरा।** थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के ट्रांस यमुना स्थित सैयद कट पर बुधवार दोपहर बाइक सवार बदमाश ने तमंचे के बल पर ढलाई कारखाना संचालक से 1.40 लाख रुपये नकद और सोने की अंगूठी लूट ली। बदमाश ने जान से मारने की धमकी देकर वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नुनिहाई, एत्माद्दौला निवासी राजेंद्र कुमार ढलाई कारखाना संचालित करते हैं। बुधवार दोपहर करीब तीन बजे वह इटावा से बस द्वारा आगरा लौटे थे। ट्रांस यमुना के सैयद कट पर बस से उतरकर पैदल जा रहे थे, तभी काले रंग की पल्सर बाइक पर सवार हेलमेट पहने युवक ने उन्हें रोक लिया। आरोपी ने तमंचा तानते हुए जान से मारने की धमकी दी और जैकेट की चेन खोलकर रुपये व अंगूठी निकाल ली। पीड़ित के शोर मचाने से पहले ही बदमाश मौके से भाग निकला। घटना के बाद राजेंद्र कुमार घर पहुंचे और परिचित को जानकारी दी। इसके बाद थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

**"कारखाना दोबारा शुरू करने के लिए लिया था कर्ज"**

पीड़ित राजेंद्र कुमार ने बताया कि कोरोना काल में कारखाना बंद हो गया था, जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ। बाद में एक साल पहले कारखाना दोबारा शुरू किया, जिसके लिए फाइनेंस कंपनी से लोन लिया था और जेवर गिरवी रखे थे। हाल ही में रिश्तेदार से रकम लेकर लोन चुकाया और जेवर वापस लिए थे। जेवर बेचने के लिए वह इटावा गए थे और वापस लौटते समय ही लूट की घटना हो गई।

NNI हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

आगरा

www.nnindianews.com

गुरुवार, 15 जनवरी, 2026



# अनुमति-प्रस्ताव के बिना खुदवाया प्रधानपति ने कच्चा नाला, होगा बंद

## अहारन में ग्राम पंचायत के नाला विवाद की जांच करने पहुंचे बीडीओ



एनएनआई

**एत्मादपुर।** प्रशासनिक अनुमति और प्रस्ताव के बिना अहारन में राजस्व विभाग के सरकारी चकमार्ग में प्रधान पति द्वारा खोदवाया गया 400 मीटर कच्चा नाला बंद कराया जाएगा। अवैध नाला विवाद की लेखपाल संग स्थलीय जांच करने पहुंचे खंड विकास अधिकारी विजय कुमार अग्रवाल ने यह भरोसा क्षेत्रीय पीड़ित ग्रामीणों को दिया है।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत अहारन में ग्राम प्रधान के पति ने ग्राम पंचायत प्रबंध समिति में प्रस्ताव पारित हुए बिना और प्रशासनिक अनुमति न होने पर भी राजस्व विभाग के चकमार्ग में तालाब के पानी की निकासी के लिए 400 मीटर कच्चा नाला खोदवा दिया है। इस नाले को लेकर ग्रामीण लगातार से विरोध जता रहे हैं। शिकायत आने पर बीडीओ विजय अग्रवाल क्षेत्रीय लेखपाल विनोद कुमार को संग लेकर जांच पड़ताल के लिए गांव में पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि बीते माह 30 दिसंबर को लगभग 400 मीटर लंबा यह कच्चा नाला शमशेर के घर से पक्की सड़क तक खोदवाया गया है। जबकि नाला किसी भी विकास योजना में शामिल नहीं है।

प्रधान पति ने तालाब का पानी निकलवाने के लिए मनमाने तरीके से कच्चे नाले की खोदाई कराई है। इसके चलते उनका आवागमन अवरुद्ध हो गया है।स्थलीय जांच करने पहुंचे बीडीओ विजय अग्रवाल ने बताया कि गांव के तालाब का पानी ट्राली चलाकर पाइप (लेजम) के माध्यम से निकाला जाएगा और बिना प्रस्ताव और प्रशासनिक अनुमति के खोदे गए इस नाले को बंद करा दिया जाएगा।



राजस्व विभाग के सरकारी चकमार्ग में प्रधान पति ने खुदवा डाला नाला

गांव का तालाब ओवरफ्लो होने पर लोगों के घरों तक पानी पहुंच गया था। जलभराव की जनसमस्या के तात्कालिक समाधान के लिए 400 मीटर कच्चा नाला खोदा गया है।

पवन सिसौदिया, प्रधान प्रतिनिधि ग्राम पंचायत अहारन

## आवासीय दृष्टिबाधित विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मना मकर संक्रांति का पर्व



आगरा (एनएनआई)। कालिंदी विहार स्थित आवासीय दृष्टिबाधित विद्यालय के प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति का पावन पर्व बड़े ही उत्साह और सेवा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के प्रमुख समाजसेवियों ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों के साथ खुशियां बांटी। समाजसेवियों ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सर्दी से बचाव के लिए कम्बल और वस्त्र भेंट किए। साथ ही बच्चों को खिचड़ी, रेवड़ी, बिस्किट, नमकीन, चॉकलेट, गजक, मूंगफली, फल और मिठाइयां वितरित की गईं। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी हरि शंकर बघेल, अनमोल अग्रवाल, सुनील कुमार बघेल, गौरव, अरुण, पूजा, मुक्कू, सुनीता कश्यप और डॉ. उदयवीर सिंह आदि ने सहभागिता कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान विद्यालय परिवार की ओर से संस्थापक जगन्नाथ सिंह बघेल, प्रधानाचार्य जाकिया बनो, अध्यापक नवीन कुमार, योगेश बघेल, अध्यापिका आशा कपूर, रेखा राजपूत सहित कर्मचारी रचना, रूबी, बाबू कुशवाह और योगेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी ने समाजसेवियों के इस पुनीत कार्य की सराहना की।

## श्रीकृष्ण सेवा समिति ने मनाई मकर संक्रांति



आगरा (एनएनआई)। यमुनापार क्षेत्र के रामबाग चौराहे के पास श्रीकृष्ण सेवा समिति द्वारा मकर संक्रांति मनाई गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान लोगों को चाय बिस्कुट वितरित किए गए। गौरतलब है कि श्रीकृष्ण सेवा समिति के द्वारा समय समय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में बुधवार को मकर संक्रांति के अवसर पर रामबाग क्षेत्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक अमित अग्रवाल ने बताया कि उनकी सेवा समिति गरीब और निर्धन लोगों की समय समय पर मदद करती है और कार्यक्रमों के आयोजन करके लोगों को जोड़ने का कार्य भी करती है। वही कार्यक्रम में वरिष्ठ सपा नेता नितिन कोहली और भाजपा नेता रामकुमार शर्मा ने भी अपने विचार रखे। वही रामबाग चौराहे के पास लोगों को चाय और बिस्कुट भी वितरित किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य बृज मोहन सिंह धनगर, समाजसेवी दिनेश चंद गर्ग, संजय गर्ग, करण तोमर, गोपाल शर्मा, लव कुश, शिवांश पंडित आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में स्टूडेंट अवेयरनेस प्रोग्राम का शुभारंभ

- विद्यार्थियों को स्टार्टअप एवं उद्यमिता के प्रति किया जागरूक

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में विवेकानंद इंक्यूबेशन फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियों को स्टार्टअप एवं उद्यमिता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्टूडेंट अवेयरनेस प्रोग्राम की श्रृंखला का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आशु रानी के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, स्वरोजगार एवं उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम की पहली कड़ी विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर स्थित यूनिवर्सिटी कंप्यूटर सेंटर में आयोजित की गई, जिसमें कंप्यूटर सेंटर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर विवेकानंद इंक्यूबेशन फाउंडेशन के निदेशक प्रो. एस. सी. उपाध्याय ने जानकारी दी कि यह जागरूकता कार्यक्रम विश्वविद्यालय के सभी विभागों एवं संस्थानों में चरणबद्ध रूप से आयोजित किया जाएगा तथा इसके उपरांत विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों तक विस्तारित किया जाएगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इन्क्यूबेशन मैनेजर योगेश तोमर ने विद्यार्थियों को स्टार्टअप, उद्यमिता, एलएलपी पंजीकरण प्रक्रिया तथा विवेकानंद इंक्यूबेशन फाउंडेशन की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। उन्होंने नवाचार आधारित विचारों को व्यावसायिक रूप देने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।


कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी कंप्यूटर सेंटर के हेड प्रो. अनिल गुप्ता, मीनाक्षी चौधरी, इंजी. सुमित पाठक सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम श्रृंखला के दूसरे दिन,इंस्टीट्यूट ऑफ बेसिक साइंसेज, खंदारी परिसर स्थित रसायन विभाग में स्टूडेंट अवेयरनेस सेशन का आयोजन किया गया। इस सत्र में रसायन विभाग के विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। कुलपति प्रो. आशु रानी ने विवेकानंद इंक्यूबेशन फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम श्रृंखला की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने और उनके व्यावसायिक विचारों को मूर्त रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



# गौ माता की सेवा-पूजा से बरसती है देवी-देवताओं की कृपाः महंत

## अतिथिवन ने बीस वर्षों में अग्रवन गौशाला को समर्पित की कई करोड़ की आय

- गौ वंश की सेवा में समर्पित अतिथिवन की सेवाएँ सराहनीयः योगेश पुरी




**आगरा (एनएनआई)।** समाज के आमजन की जरूरतों को पूर्ण करने के साथ गौ वंश के भरण-पोषण और गौशाला को स्वावलंबी बनाने के नेक उद्देश्य से वर्ष 2005 में लोकार्पित अतिथिवन के सदस्यों की पहली दिग्दर्शिका वर्ष 2009-10 में प्रकाशित की गई थी। उसके लंबे समय बाद दूसरी बार प्रकाशित सदस्यता दिग्दर्शिका (2025-26) का विमोचन वाटर वर्क्स चौराहा स्थित अतिथिवन में बुधवार रात किया गया।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि और मनकामेश्वर मंदिर के महंत योगेश पुरी एवं अतिथिवन के अध्यक्ष राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने दीप जलाकर समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान गौ सेवा से जुड़े अग्रवाल-वैश्य समाज के प्रतिष्ठित समाज सेवी-उद्यमियों की उपस्थिति में महंत योगेश पुरी ने कहा कि गौ माता की पूजा-सेवा से देवी-देवताओं की कृपा बरसती है। उन्होंने गोवंश की सेवा में समर्पित अतिथिवन की अनूठी और ऐतिहासिक सेवाओं की मुक्त कंठ से सराहना की।

अतिथिवन के कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल गोटे वालों ने इस अवसर पर बताया कि अतिथिवन की संपूर्ण आय का सदुपयोग गौशाला के लिए किया जाता है।विगत बीस वर्षों में अग्रवन गौशाला को कई करोड़ की आय समर्पित कर आमजन की जरूरतों को पूर्ण करने के साथ गौ वंश की सेवा के क्षेत्र में अतिथिवन ने इतिहास रचा है। अतिथिवन के सचिव अनूप कुमार गोयल ने कहा कि अतिथिवन पूर्णतया वातानुकूलित एवं आधुनिक सुख-सुविधाओं से सुसज्जित समाजसेवा को समर्पित अद्वितीय भवन है जो समाज के हर वर्ग को न्यूनतम दरों पर अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहा है। सदस्यता दिग्दर्शिका के संपादक आकाश अग्रवाल (हुंडी) ने कहा कि दिग्दर्शिका का प्रकाशन अतिथिवन की प्रगति के लिए सभी सदस्यों को जोड़ने की एक पहल है।

यह आपसी समन्वय बढ़ाने और गौ सेवा के संकल्प को और अधिक दृढ बनाने में सहायक होगी। अतिथिवन के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अतिथिवन के आधुनिक स्वरूप, उपलब्ध संसाधनों व सुविधाओं के साथ गोवंश की सेवा और संरक्षण की चर्चा चहुँ ओर हो रही है। कार्यक्रम का संचालन रूप किशोर अग्रवाल एडवोकेट ने किया। प्रमोद गर्ग भी मंच पर मौजूद रहे।

# उल्लास और उमंग से मनाया पतंग महोत्सव




एनएनआई

**आगरा।** मकर संक्राति के पर्व पर सामाजिक संस्था 'प्रयास फाउण्डेशन' ने बल्केश्वर महादेव मंदिर के सामने स्थित पार्वती घाट पर भव्य पतंग महोत्सव का आयोजन किया। जिसमें विधायक विधान परिषद विजय शिवहरे,उप्र लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राकेश गर्ग ,भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, पार्षद मुरारी लाल गोयल व पूजा बंसल भी शामिल हुये।

सभी ने पतंगबाजी महोत्सव को एक पर्व के रूप में हर साल मनाने की बात कहते हुए ,भारतीय संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए प्रयास फाउण्डेशन की इस पहल की खूब सहराहना की।पारिवारिक सौहार्द और उल्लासपूर्ण वातावरण में पुरूषों ,बच्चों व महिलाओं ने रंगबिरंगी पतंग आसमान में उड़ा कर खूब लुत्फ उठाया।तथा नाव व स्टीमर में नौका विहार का आनंद लिया। यमुना पूजन किया।सेल्फ पॉइन्ट पर खूब फोटो खिंचवाई। मंगोडे व चाय के आनंद के बीच एक दूसरे को मकर संक्राति की बधाइयां देते हुए खुशहाली की मंगल कामना की। फाउण्डेशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल 'गुड्डू' ने सभी के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया।

कार्यक्रम में गिर्राज बंसल, शंशाक तिवारी, श्याम बिहारी गुप्ता, नितिन कोहली, नीतेश अग्रवाल, रिंकू गर्ग, रवि गुप्ता नागेन्द्र प्रसाद, अतुल गर्ग, अर्पण गुप्ता, विशेष शर्मा, अनिल गुप्ता, मनोज अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, आशीष गुप्ता, विशाखा अग्रवाल, आयुष बंसल, नंदकिशोर गोयल की मौजूदगी रही।

# मकर संक्रांति पर रंग-बिरंगी पतंगों से सजा आसमान



**आगरा (एनएनआई)।** सिकंदरा बोदला डॉक्टर एसोसिएशन द्वारा मकर संक्रांति को सिकंदरा स्थित श्री परमहंस योगानंद नेत्र चिकित्सालय में भव्य पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। अध्यक्ष डॉ योगेश सिंघल ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देना एवं लोगों में आपसी भाईचारे और उल्लास का संचार करना है। सचिव डॉ मिहिर गुप्ता ने बताया कि महोत्सव के दौरान रंग-बिरंगी और आकर्षक पतंगें आकाश में उड़ती नजर आयी। बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों के लिए विशेष गतिविधियाँ आयोजित की गईं। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक संगीत, खेल प्रतियोगिताएँ एवं स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहें। सांस्कृतिक सचिव डॉ अंकिता गुप्ता ने बताया कि यह महोत्सव न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि हमारी परंपराओं को नई पीढ़ी से जोड़ने का एक सशक्त प्रयास भी है। उन्होंने शहरवासियों से परिवार सहित ऐसा आयोजन करने की अपील की। इस दौरान आईएमए के अध्यक्ष डॉ पंकज नगायच ,पूर्व अध्यक्ष डॉ अनूप दीक्षित, डॉ डीबी शर्मा डॉ अशोक शिरोमणि डॉ ओपी यादव डॉ हर्ष सक्सैना डॉ प्रमोद सक्सेना डॉक्टर अर्चना सिंघल डा शानू अग्रवाल डॉ धर्मेंद्र गुप्ता डॉ मनीष डॉ मुकेश डॉ दर्शा डॉ उपस्थित रहे ।

# मकर संक्रांति हमारी सांस्कृतिक एकता का प्रतीक : शब्बीर अब्बास

एनएनआई



**आगरा।** मकर संक्राति के पावन अवसर पर यमुना तट स्थित यमुना आरती प्वाइंट पार्क में आयोजित पतंग उत्सव में समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास ने सहभागिता की। सैकड़ों शहरवासियों की मौजूदगी में रंग-बिरंगी पतंगों के साथ पर्व को उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर शब्बीर अब्बास ने कहा कि मकर संक्रांति के दिन महोत्सव इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन सूर्य उत्तरायण होता है, प्रकृति में सकारात्मक परिवर्तन आता है और यह पर्व सामाजिक भाईचारे, एकता और नई शुरूआत का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि समाज को जोड़ने वाली हमारी साझा संस्कृति ही देश की असली ताकत है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को संजोए रखें और सामाजिक सौहार्द की रक्षा के लिए आगे आएँ। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्लास्टिक मुक्त पतंगों और सुरक्षित मांझे के प्रयोग पर भी विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर समीर नेता, फईम उस्मानी, पुष्पेंद्र शर्मा, जमील सिद्दीकी, मूवींन उस्मानी, अजीज अब्बास, सलमान खान सहित समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पतंग और दान उत्सव के रूप में मनाया गया उत्तरायण पर्व

- 100 से अधिक बच्चों के साथ उत्सव की खुशियां साझा की

एनएनआई



**आगरा।** उत्तरायण पर्व के पावन अवसर को दान एवं पतंग उत्सव के रूप में मनाते हुए तपस्या फाउंडेशन द्वारा बूढ़ी का नगला, दयालबाग स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर में सेवा एवं संस्कार से परिपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर मलिन बस्तियों के 100 से अधिक बच्चों के साथ उत्सव की खुशियां साझा की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की संस्थापक अध्यक्ष पूजा खिलवानी, संरक्षक नितिन कोहली, मार्ग दर्शक आचार्य सुनील कुमार वशिष्ठ, व्यवस्थापक मोहित दिवाकर, दिव्यांश सक्सेना और संयोजिका प्रियंका अग्रवाल द्वारा ठाकुर जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। संस्थापक अध्यक्ष पूजा खिलवानी ने बच्चों को आध्यात्मिक अनुभूति से जोड़ते हुए आदित्य हृदय स्तोत्र एवं विभिन्न मंत्रों का उच्चारण करवाया तथा उनके भावार्थ को सरल शब्दों में समझाया। पूजा खिलवानी ने बच्चों को उत्तरायण पर्व के धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि यह पर्व सूर्य देव की आराधना का प्रतीक है, दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर तथा अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होने का संदेश देता है। उन्होंने सनातन धर्म में इस विशेष पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को सकारात्मक जीवन मूल्यों, अनुशासन एवं सेवा भाव की सीख दी और सदगुरू मैं तेरी पतंग.... भजन को स्वर से सजाया। संरक्षक नितिन कोहली ने अपने वक्तव्य में कहा कि तपस्या फाउंडेशन का उद्देश्य केवल सेवा करना ही नहीं, बल्कि समाज के वंचित वर्ग, विशेषकर बच्चों को संस्कार, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति जैसा पर्व हमें दान, सहयोग और सामूहिकता की भावना सिखाता है, और ऐसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों के जीवन में आशा और उत्साह का संचार होता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि प्रतिदिन कुछ देर मंत्र उच्चारण अवश्य करें। श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर को विशेष रूप से पतंग एवं खिचड़ी उत्सव की थीम पर सजाया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बन गया। इस अवसर पर अमोल गुप्ता, सचिन चतुर्वेदी, प्रशांत सोनी, उमेश सिंह, राहुल शाक्य आदि उपस्थित रहे।

# जो न नूतन है न पुरातन, जो सृष्टि के साथ आया वो है सनातनः शंकराचार्य

एनएनआई

**आगरा।** जयपुर हाउस स्थित माधव भवन के उद्घाटन करने के लिए पधारे शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी, राजराजेश्वराश्रम जी महाराज ने प्रेस वार्ता में कहा कि जो न नूतन है न पुरातन, जो सृष्टि के साथ आया वो है सनातन।

भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाए जाने के सवाल पर कहा कि बनाया उसे जाता है जो हो न। भारत हिन्दू राष्ट्र कब नहीं था। भारत के संविधान में भले ही हिन्दू राष्ट्र न हो, परन्तु सनातन सृष्टि के प्रारम्भ से है। जो लोग भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने की बात करते हैं उनकी भावना अच्छी है, परन्तु शब्द प्रयोग ठीक नहीं है। संविधान बहुत छोटी चीज है, जो बनती बिगड़ती है। हिन्दू राष्ट्र बनाने की बात पर राष्ट्र के प्रति प्रेम कम अपने राजनीतिक एजेन्डे और अपनी कुर्सी को बनाए रखने का दृष्टिकोण अधिक है। संविधान सिर्फ व्यवस्था का नाम है जो बनते बिगड़ते रहते हैं। संविधान कोई बहुत बड़ी समस्या नहीं है। जिन्हें चुनकर भेजा है उनकी जिम्मेदारी है संविधान को ठीक करना।



किसी भी संकट में हिन्दू एकजुट क्यों होता, प्रश्न के सवाल पर कहा कि हमारा सनातन धर्म का रक्त शुद्ध नहीं रहा। विषाक्त हो चुका है। जब शरीर का रक्त विषाक्त हो जाता है तो फोड़े फुंसी, कई प्रकार की बीमारी उत्पन्न हो जाती हैं। आज सनातन के विषाक्त रक्त को शोधन की आवश्यकता है। जो सनातन धर्मावलम्बी हैं, वो तो गर्व से कहें कि हम सनातनी हैं। कोई जैन, कोई बौद्ध कोई सिक्ख बना है। जब तक रक्त शोधन नहीं होगा तब तक बंगला देश की तरह समस्त विश्व में चलता रहेगा। समस्त विश्व की समस्याओं का समाधान सनातन का रक्त शोधन से ही होगा। जो सनातम धर्म के रक्त में दोष आ गए हैं उसका शोधन होना जरूरी है। सनातन रक्त का शोधन सत्ता प्राप्ति से नहीं होगा। सत्ता का चाल, चरित्र चेहरा एक होता है। जो कुर्सी पर बैठता है वह वोट गिनता है। सनातन धर्म के संस्कारित, संगठिक होने से रक्त शोधन होगा। सनातन धर्म को सत्ता की जरूरत नहीं है। जो सत्ता का लोभ और ललक आज अल्पसंख्यकों से अधिक बहुसंख्यकों को है। वो अल्पसंख्यक होते हुए भी अपने संगठन के काम में लगे हैं। बहुसंख्यकों को सत्ता चाहिए, जिसके लिए तुष्टीकरण, फिर वोटों को जोड़ना।

शंकराचार्य के गमन पर उनका आरती कर पुष्प वर्षा कर वेदोच्चारण के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुमित ढल, संदीप ढल, जलदीप कपूर, विजय सामा, विजय गोयल आदि उपस्थित थे।

# बार काउंसिल के सदस्य पद का चुनाव 16 व 17 जनवरी को

एनएनआई

**आगरा।** पीठासीन अधिकारी, चुनाव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमरजीत ने अवगत कराया है कि निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश बार कांउसिल चुनाव 2025-26 द्वारा दिये गये निदेर्शानुसार दिनांक 16 व 17 जनवरी को जनपद न्यायालय परिसर, आगरा में उत्तर प्रदेश बार कांउसिल के सदस्य पद का चुनाव कार्यक्रम प्रस्तावित है। चुनाव में पीठासीन अधिकारी, चुनाव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश को नोडल अधिकारी, चुनाव आगरा नियुक्त किया गया है। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि प्रस्तावित मतदान के सम्बन्ध में आवश्यक विविरण यथा मतदान की दिनांक 16 व 17 जनवरी को मतदान का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

प्रदेश के समस्त प्रत्याशियों की संख्या 333, जनपद के अधिवक्तागण/मतदाताओं की संख्या- 4686 है तथा पोलिंग बूथ की संख्या- तीन कमरों में पांच-पांच बूथ (न्याय भवन कक्ष संख्या 7, 8 व 9) बनाये गये है।

उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि प्रस्तावित मतदान हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गयें हैं, जिसमें मतदान स्थल पर सभी प्रकार के इलेक्ट्रानिक गैजेट्स प्रतिबन्धित रहेंगे। मतदान स्थल पर केवल वही अधिवक्तागण प्रवेश कर सकेंगे, जिनके नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हैं। अर्ह सभी विद्वान अधिवक्तागण द्वारा मतदान हेतु अपने सी.ओ.पी. कार्ड, पंजीकरण प्रमाण-पत्र, उप्र बार काउसिंल द्वारा प्रदत्त पहचान पत्र अथवा उ.प्र. बार काउंसिल द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाण-पत्र साथ लाना आवश्यक है।

जनपद न्यायालय परिसर में न्यायिक अधिकारीगण के वाहनों के अतिरिक्त अन्य समस्त वाहनों का प्रवेश गेट नम्बर-1 से निषिद्ध रहेगा। अधिवक्तागण एवं स्टाफ के वाहन गेट नम्बर-1ए पर स्थित पार्किंग स्थल में खड़े किए जायेंगे। गेट नम्बर-1 की मुख्य पार्किंग में स्थान उपलब्ध न होने की दशा में गेट नम्बर-5 पर उपलब्ध स्थान पर वाहन खड़े किए जायेंगे।

# 44 ब्लैक स्पॉटः एक साल में 748 लोगों ने एक्सीडेंट में गंवाई जान

■ डीएम ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में ली पिछले साल में हुए हादसों की जानकारी




एनएनआई

**आगरा।** सड़क हादसों में बढ़ रहे मौत के ग्राफ को रोकने और यातायात नियमों के उल्लंघन पर लगाम के लिए बुधवार को जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। आंकड़े चौंकाने वाले रहे, वर्ष 2024 के मुकाबले 2025 में सड़क हादसों और मृतकों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज की गई है। करीब 44 ब्लैक स्पॉट हैं, जहां लोगों की जान दांव पर लगी है।

जिलाधिकारी को बताया गया कि पुलिस और परिवहन विभाग ने मिलकर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस विभाग ने बिना हेलमेट के 7,54,150 और बिना सीटबेल्ट के 1,12,920 चालान किए। परिवहन विभाग ने भी ओवर स्पीडिंग, मोबाइल प्रयोग और ओवरलोडिंग जैसे मामलों में 136 लाइसेंस निरस्त किए हैं, जबकि 371 अन्य लाइसेंस निलंबन की प्रक्रिया में हैं।

**रोड सेफ्टी ऑडिट 41 जगह पूरा**

जिलाधिकारी ने जनपद में चिन्हित 44 ब्लैक स्पॉट की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन 41 स्थानों पर रोड सेफ्टी ऑडिट पूरा हो चुका है, वहां तत्काल सुधार कार्य किए जाएं। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में 1223 दुर्घटनाओं में 586 मौतें हुई थीं, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 1456 दुर्घटनाओं और 748 मौतों तक पहुंच गई हैं।

**युवा बनेंगे सड़क सुरक्षा मित्र**

जिलाधिकारी ने युवाओं की भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने जनपद में संचालित 29 रोड सेफ्टी क्लबों को सक्रिय करने और छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा मित्र बनाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि स्कूलों और कॉलेजों में केवल शपथ तक सीमित न रहकर, ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से जागरूकता को धरातल पर उतारा जाए।

# भारतीय रेल में पॉइंट्समैन के रूप में तैनात होंगे पूर्व सैनिक

## एमओयू करने वाला रेल मंडल बना आगरा

एनएनआई

**आगरा।** मंडल रेल प्रबंधक गगन गोयल के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आगरा रेल मंडल, उत्तर मध्य रेलवे एवं आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गनाइजेशन लखनऊ के मध्य एक महत्वपूर्ण अनुबंध (एमयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू के अंतर्गत आगरा रेल मंडल के विभिन्न स्थानों पर पूर्व सैनिकों को पॉइंट्समैन के रूप में नियोजित किया जाएगा। इस व्यवस्था के अंतर्गत तैनाती आगरा रेल मंडल के अधिकार क्षेत्र में की जाएगी।

इस एमओयू के माध्यम से कुल 73 पॉइंट्समैन व 175 गेटमैन के पदों पर पूर्व सैनिकों की प्रस्तावित तैनाती की जाएगी। समझौता ज्ञापन पर आगरा रेल मंडल की ओर से वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक समन्वय कुलदीप मीना ने हस्ताक्षर किए, जबकि आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट ऑर्गनाइजेशन की ओर से कर्नल अनुराग कुमार (सेवानिवृत्त) ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सनत जैन भी उपस्थित रहे। यह समझौता दोनों संगठनों के बीच दीर्घकालिक एवं फलदायी सहयोग की शुरूआत का प्रतीक है तथा इससे रेल परिचालन की संरक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। पूर्व सैनिकों का अनुशासन, अनुभव एवं कर्तव्यनिष्ठा रेल संरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध होगी।



# राशन वितरण में धांधली की शिकायत

एनएनआई

**आगरा।** ताजनगरी में राशन कोटेदार द्वारा नियमों का पालन न कर और धांधली की शिकायत की डीएसओ से की गई है। शिकायतकर्ता द्वारा राशन कोटेदार के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

शिकायत के अनुसार छता वार्ड में राशन दुकानदार लोगों को प्रति कार्ड पर 1 से 2 किलो यूनिट कम राशन देता है। दुकान पर किसी भी तरह का राशन का बोर्ड भी नहीं लगा है जबकि नियम अनुसार दुकानदार को दुकान पर बोर्ड लगाना अनिवार्य रहता है। आरोप है कि दुकान स्वामी 10 तारीख को अंगूठा लगाकर मशीन से एक पर्ची देता है और 2 से 3 दिन बाद राशन का वितरण करता है जिससे राशन लेने वाली जनता परेशान होती है।



जब दुकान पर जाकर देखा तो पता चला की प्रति यूनिट पर वह एक से दो किलो राशन काम देता है ऐसे छत्ता वार्ड में कई दुकानदार है। जिनकी दुकान पर बोर्ड नहीं लगा है और यूनिट भी काम देते हैं। इस संबंध में डीएसओ आगरा आनंद कुमार सिंह से बात की तो उन्होंने कहा कि आपके के द्वारा मेरे संज्ञान में यह मामला आया है। वह इस पर कठोर कार्रवाई करेंगे और प्रभारी इस्पेक्टर को निर्देश दिए हैं कि इस तरह की अगर गतिविधियां दुकानदार द्वारा हो रही है तो कार्रवाई होगी साथ ही जो दुकानदार बोर्ड नहीं लगाएगा उसे पर भी कार्रवाई होगी।

Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI हर खबर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया






# बटेश्वर में स्नान, पूजन एवं दान के लिए उमड़े श्रद्धालु

एनएनआई

**बाह।** षटतिला एकादशी एवं मकर संक्रांति के संयोग पर बुधवार को बटेश्वर में स्नान, पूजन एवं दान के लिए श्रद्धालु उमड़े। दिन भर चले धार्मिक अनुष्ठानों में वेदमंत्र गूंजते रहे। मंदिर के पुजारी जय प्रकाश गोस्वामी ने बताया कि ब्रहस्पतिवार को भी मकर संक्रांति पर स्नान, दान के लिए श्रद्धालु बटेश्वर पहुंचेंगे। बुधवार को षटतिला एकादशी एवं मकर संक्रांति के संयोग के अवसर पर बने सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग और वृद्धि योग की वेला पर बटेश्वर में श्रद्धालुओं ने यमुना नदी में स्नान किया। संतों ने भी यमुना नदी में डुबकी लगाई। यमुना स्नान करने वाले संतों रमेशदास महाराज, संत प्रकाशदास, सुरेशानंद महाराज, विमल कुमार दास ने बताया कि बुधवार को स्नान किया है, ब्रहस्पतिवार को खिचड़ी पर्व मनाया जाएगा। घाटों पर तीर्थ स्थल ट्रस्ट के गोताखोर मुस्तैद रहे। षटतिला एकादशी का व्रत रखने वाली महिला श्रद्धालुओं ने अपने सौभाग्य एवं परिवार की सुख समृद्धि के लिए शिव, पार्वती एवं गणेश को पूजा। वहीं मकर संक्रांति पर्व पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं ने ब्रह्मलाल महाराज के दर्शन पूजन किए। जीवन की बाधाएं, दुख दरिद्रता दूर करने की मन्नत के साथ दीपदान किया। ब्रह्मलाल जी मंदिर में सीसीटीवी कैमरे से चैन स्नेचर और जेबकटों पर नजर रखी गई, नतीजतन कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। विभिन्न शिव मंदिरों में वेदमंत्रों के बीच धार्मिक अनुष्ठान हुए। स्नान, दर्शन, पूजन के बाद संतों को भोजन कराकर दान पुण्य अर्जित किया। घाट से लेकर मंदिर तक पुलिस का पहरा रहा।

# हिंदू एकता का संदेश: विराट सम्मेलन में किया संगठित समाज का आह्वान



एनएनआई

**मलपुरा।** विवेकानंद इंटर कॉलेज में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि महंत योगेश पुरी जी महाराज ने कहा कि संगठित समाज ही राष्ट्र का निर्माण कर सकता है।

सम्मेलन में युवाओं से सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में



सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा, सेवा और संस्कार से ही सशक्त समाज की नींव रखी जा सकती है।

सम्मेलन में सामाजिक समरसता, सेवा कार्यों के विस्तार और जरूरतमंदों तक सहायता पहुँचाने के विषय पर चर्चा हुई। सेवा भारती द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की गई।

## आवारा जानवर के हमले में घायल राजमिस्त्री की मौत

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। सीकरी देहात में आवारा जानवर के हमले में घायल राजमिस्त्री की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विकासखंड के गांव बदनपुर बरनामई निवासी राजमिस्त्री ओमप्रकाश विगत 11 जनवरी को टीकरी गांव से मजदूरी कर पैदल अपने घर लौट रहे थे। बताया गया है कि रास्ते में दूरा और बरनाबाई के बीच शनिदेव मंदिर के समीप अचानक एक आवारा सांड ने उन पर हमला कर दिया। घायल अवस्था में उन्हें भरतपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां बुधवार को उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों के अनुसार मृतक ओमप्रकाश के एक पुत्र और दो पुत्रियों है। परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है और कमाने वाला एकमात्र सदस्य ओमप्रकाश ही थे।

## जन्मदिन पर 2500 परिवारों में घोली मकर संक्रांति की मिठास

**बाह** एनएनआई। समाजसेवी उमेश सिसोदिया ने अपने बेटे अविनाश सिसोदिया के जन्मदिन पर गांव के 2500 परिवारों में मकर संक्रांति की मिठास घोली। गांव के बुजुर्ग महिला, पुरुषों को शॉल पहनाई और गजक का दान कर उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में शामिल हुए नाहर सिंह, रामवीर, रामौतार सिसोदिया, दिलीप सिंह, हाकिम सिंह, रामलखन कटारे, सुरेश गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, वीरेन्द्र बघेल, रघुवीर चिक, बबलू चिक, टिंकू चिक, ओमवीर कुशवाह, भूपेन्द्र सिंह भगत, भगवान दास, बादाम सिंह, फरेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, विजय सिंह, साहब सिंह, प्रेम सिंह आदि मौजूद रहे।

## खंदौली में लगा नेत्र जांच-परामर्श शिविर

**आगरा** एनएनआई। खंदौली के उजरई कला स्थित अनुभव निधि आश्रम साईं श्री सेवा समिति, जेडी हॉस्पिटल एवं कल्याण करोति के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर अपने नेत्रों की जांच कराई। आयोजनकर्ता डॉ. अमित कुमार सिंह ने बताया कि हर माह की 14 तारीख को इसी प्रकार निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में मोतियाबिंद सहित अन्य नेत्र रोगों का इलाज, जरूरतमंद मरीजों का ऑपरेशन, दवाइयां तथा रहने-खाने की समस्त व्यवस्था संस्था की ओर से पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

## महिला ओपन रेस में दिखाया दमखम



**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। महाराजा खेमकरण जी की जयंती के अवसर पर आयोजित महिला ओपन रेस (4800 मीटर) क्षेत्र मे खेल भावना और महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण बनी। इस अवसर पर उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से आई लगभग 400 महिला धाविकाओं ने भाग लिया। उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल निवासी एकता राजपूत ने प्रथम स्थान हासिल किया। गाजीपुर की प्रियांशु कुमारी ने दूसरा स्थान हासिल किया, वहीं दिल्ली की रुखसाना ने तीसरा स्थान पर रही, दाऊजी मथुरा की रानी चौधरी और प्रतापगढ़ की वर्षा सिंह क्रमशः चौथे और पांचवे स्थान पर रही। आयोजकों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।आयोजक और ग्राम प्रधान शिशु ने कहा कि महिलाओं और युवाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से ऐसे खेल व सामाजिक कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान सरपंच विश्वेंद्र कुमार, दामोदर ओझा, गौरव जिंदल समेत अन्य आयोजक और ग्रामीण मौजूद रहे।

# कैंजराघाट के पांटून पुल पर सुबह शुरू हुआ आवागमन, दोपहर में डूबा

एनएनआई

**बाह।** मध्य प्रदेश के भिंड, मुरैना के उद्योतगढ़ गांव एवं उत्तर प्रदेश के बाह, आगरा के कैंजरा गांव के बीच चंबल नदी पर 3 महीने की देरी से बने पांटून पुल पर बुधवार की सुबह आवागमन शुरू हुआ तो लोगों ने राहत की सांस ली। चंबल नदी के जलस्तर में महज एक फीट की वृद्धि से पांटून पुल का पहुंच मार्ग डूब गया। चार पहिया वाहनों का निकलना बंद हो गया है, दो पहिया वाहन चालक एवं पैदल राहगीर भी जान जोखिम में डाल कर निकलने को मजबूर हैं। कायदे से कैंजराघाट का पांटून पुल 15 अक्टूबर को बनना था, पीडब्ल्यूडी ने पुल निर्माण की वन विभाग से देरी से अनुमति ली, नतीजतन समय पर पुल का निर्माण नहीं हो सका। पुल का निर्माण पूरा होते ही बुधवार की सुबह आवागमन भी शुरू हो गया। लेकिन दोपहर तक आवागमन करने वालों की पुल निर्माण की खुशी मायूसी में बदल गई। एक फीट जलस्तर बढ़ने से पुल का पहुंच मार्ग डूब गया, दलदल के हालात पैदा हो गये। भिंड और मुरैना, आगरा, फिरोजाबाद के 150 गांवों के लोग कैंजराघाट के पांटून पुल पर आश्रित हैं। पहुंच मार्ग डूबने से पैदा हुए दलदल और फिसलन के हालातों के बीच पैदल और दो पहिया वाहन चालक ही जान



जोखिम में डाल कर निकल पा रहे हैं। भाजपा कोर कमेटी के सदस्य पवन भदौरिया, चमरौआ के सुरेश पचौरी, पुरा भदौरिया के कृष्णकांत भदौरिया, नगरा के आनंद तोमर, रिषी तोमर, आकाश, सिलावली के राकेश सिंह, अजय सिंह, निरोत्तम सिंह, गनपति आदि ने पांटून पुल के निर्माण में लापरवाही का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई है। पुल को दुरुस्त कर आवागमन सुचारू कराने की मांग की है। इस संबंध में पूछे जाने पर पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार चंद्रसेन तिवारी ने बताया कि नदी का जलस्तर बढ़ने की बजह से दिक्कत हुई है, पहुंच मार्ग पर मिट्टी डलवा कर दुरुस्त कराया जा रहा है। लोहे की चादर बिछाई जाएगी, जिससे चार पहिया वाहन भी सुगमता से निकल सकें।

## संपादकीय

# कांग्रेस की उम्मीद असम!

अप्रैल में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होंगे, जिनमें कांग्रेस को केरल और उसके साथ साथ असम से बहुत उम्मीदें हैं। कांग्रेस को लग रहा है कि 10 साल की सत्ता ने प्रदेश में भाजपा को अलोकप्रिय बनाया है और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के भड़काऊ भाषणों व विभाजनकारी राजनीति से लोग ऊबे हुए हैं। लेकिन क्या सचमुच ऐसा है? यह सही है कि 10 साल की एंटी इन्कम्बैंसी है और संशोधित नागरिकता कानून यानी सीएए से भी असम के लोगों में नाराजगी है। फिर भी पिछले दो चुनावों से जिस स्तर का ध्रुवीकरण हो रहा है वह कांग्रेस के लिए चुनौती है। हालांकि इस बार कांग्रेस ने बदरूद्दीन अजमल की पार्टी से तालमेल नहीं किया है। इससे ध्रुवीकरण की संभावना थोड़ी कम हुई है।

भाजपा ने 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले संशोधित नागरिकता कानून यानी सीएए पर अमल इसलिए रोक दिया था क्योंकि असम में उसको इसके नुकसान का अंदाजा हो गया था।2021 के चुनाव में भाजपा को इसका असम में फायदा हुआ और पश्चिम बंगाल में थोड़ा नुकसान हुआ। अब पश्चिम बंगाल में फायदे के लिए उसने सीएए लागू कर दिया लेकिन हो सकता है कि असम में इसका नुकसान हो। असम में यह धारणा बनी है कि सीएए से बांग्ला बोलने वाली आबादी बढ़ जाएगी और असमिया भाषा व संस्कृति कमजोर होगी।कांग्रेस के नेता और मुख्यमंत्री पद के अघोषित दावेदार गौरव गोगोई अहोम वंश से जुड़े हैं और असमिया भाषा और संस्कृति के मुद्दे उठाते रहते हैं। साथ ही कांग्रेस ने भाषा व संस्कृति के आधार पर सीएए का विरोध करने वाले समूहों द्वारा बनाई गई पार्टियों से तालमेल किया है। वह भाजपा के धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण के मुकाबले भाषा और अस्मिता के आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है।कांग्रेस पार्टी ने असम में उम्मीदवारों का चयन करने के लिए छंटनी समिति बनाई है, जिसका अध्यक्ष प्रियंका गांधी वाड्रा को बनाया गया है। इससे भी लग रहा है कि कांग्रेस असम को लेकर काफी भरोसे में है। गठबंधन की बातचीत भी लगभग तय है।पिछली बार की तरह इस बार बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट यानी बीपीएफ भी कांग्रेस के साथ नहीं है। हागरामा मोहिलारी की पार्टी ने बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल यानी बीटीसी का चुनाव जीता और उसके बाद भाजपा ने उससे तालमेल कर लिया है। अब बोडोलैंड की दोनों पार्टियां बीटीसी और यूपीपीएल भाजपा के साथ हैं। लेकिन कांग्रेस ने अलग अलग जातीय समूहों में असर रखने वाली छोटी पार्टियों के साथ अपना गठबंधन किया है। कांग्रेस ने पिछली बार महाजोत बनाया था, जिसमें एआईयूडीएफ, बीपीएफ के साथ साथ राष्ट्रीय जनता दल, तीन कम्युनिस्ट पार्टियां और एक अन्य दल शामिल था। इस बार कांग्रेस ने असोम सम्मिलितो मोर्चा बनाया है। इसमें कांग्रेस के अलावा पहले की तरह सीपीआई, सीपीएम और सीपीआई माले शामिल है। पिछली बार यूआरएफ बना कर अलग चुनाव लड़ी दो स्थानीय पार्टियों लुरिनजोत गोगोई की असम जातीयता परिषद और अखिल गोगोई की रायजोर दल से इस बार कांग्रेस ने तालमेल किया है। इनके अलावा ऑल पार्टी हिल लीडर्स कॉन्फ्रेंस से भी कांग्रेस ने तालमेल किया है। यूपीपीएल और बीपीएफ के नहीं होने से हिल एरिया के लिए कांग्रेस को एक पार्टी की जरुरत थी। सात पार्टियों का सम्मिलित मोर्चा भले पिछली बार के मुकाबले कमजोर दिख रहा है लेकिन जमीनी असर और नैरेटिव के मामले में इस मोर्चे ने चुनाव से पहले भाजपा को कड़ी टक्कर देने का संकेत दिया है।अब अगर पिछले चुनाव की बात करें तो एनडीए और महाजोत के बीच बेहद करीबी मुकाबला हुआ था। एनडीए को 44.51 फीसदी वोट मिला था तो महाजोत को 43.68 फीसदी वोट मिला था। यानी अंतर एक फीसदी से भी कम था। हालांकि सीटों में बड़ा अंतर आ गया था। कांग्रेस के नेता मान रहे हैं कि मुस्लिम वैसे भी कांग्रेस के साथ हैं इसलिए उसने अजमल की पार्टी से तालमेल नहीं किया। कांग्रेस यह भी मानती है कि इससे भाजपा को ध्रुवीकरण कराने का मौका नहीं मिलेगा। हालांकि अजमल की पार्टी अपने असर वाले इलाके खास कर धुबरी, बारपेटा, करीमगंज आदि में अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। लेकिन कांग्रेस को यह भी पता है कि जीतने के बाद अजमल के भाजपा के साथ जाने की संभावना नहीं है। यानी जरुरत पड़ने पर वे कांग्रेस के साथ देंगे। सांप्रदायिक विभाजन रोकने के लिए कांग्रेस असम के स्थानीय समूहों में पहुंच बनाने का प्रयास कर रही है। रायजोर दल और असम जातीयता परिषद से उसको इसका लाभ मिलेगा।तभी हिमंत बिस्वा सरमा ने गोरव गोगोई को निशाना बनाया है। वे उनकी पत्नी को लेकर हमले कर रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि गौरव गोगोई की पत्नी का पाकिस्तान से रिश्ता है। वे पाकिस्तानी एनजीओ के लिए काम कर चुकी हैं और उनका बार बार पाकिस्तान आना जाना हुआ है। हालांकि गौरव गोगोई पर इस तरह के निजी हमले से भाजपा को नुकसान हो सकता है। उनके अलावा सरमा का मुख्य मुद्दा घुसपैठ का है। वे लगातार घुसपैठियों को बाहर निकालने के दावे कर रहे हैं। अपने कामकाज और उपलब्धियों की बजाय सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कराने के मुद्दे, मियां मुस्लिम को बाहर निकालने, घुसपैठियों की पहचान करने या पाकिस्तान के नाम पर गौरव गोगोई को निशाना बनाने जैसे तमाम मुद्दे निगेटिव प्रचार वाले हैं।इसी तरह के प्रचार सरमा ने झारखंड चुनाव में सह प्रभारी के तौर पर किया था और भाजपा बुरी तरह से हारी थी। खुद हिमंत बिस्वा सरमा कहते हैं कि असम में मुस्लिम आबादी 34 फीसदी है। इसका मतलब है कि भाजपा को जीतने के लिए 66 फीसदी हिंदू आबादी में से 70 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल करना होगा। पिछले दो विधानसभा और दो लोकसभा चुनाव से भाजपा इसमें कामयाब होती रही है। लेकिन इस बार रास्ता आसान नहीं है। असमिया संस्कृति का मुद्दा कांग्रेस और उसकी सहयोगियों ने बनाया है तो देश के अलग अलग हिस्सों में भाजपा शासित राज्यों में बांग्लाभाषियों पर हुए हमले का मुद्दा भी है। हिंदी भाषी लोगों की भी अपनी समस्याए हैं। तभी कांग्रेस ने भी उम्मीद लगाई है।



# दूध से जुड़े मिथक और हकीकत

**दूध को लेकर हमारे समाज में सदियों से कई तरह की धारणाएं बनी हुई हैं। कुछ लोग इसे 'अमृत' मानते हैं, तो वहीं सोशल मीडिया के दौर में अब कई लोग इसे बीमारियों की जड़ बताने लगे हैं। इसी भ्रम को दूर करने के लिए डॉक्टरों ने दूध से जुड़े कुछ बड़े मिथकों की हकीकत बताई है। डॉक्टर का कहना है कि दूध आपकी सेहत बना भी सकता है और बिगाड़ भी सकता है, यह पूरी तरह इस बात पर निर्भर करता है कि आप इसका सेवन कैसे और किस रूप में कर रहे हैं।**

अक्सर लोग दूध को 'संपूर्ण आहार' मानकर इसका सेवन करते हैं या फिर इसे डायबिटीज और सूजन बढ़ाने वाला मानकर पूरी तरह बंद कर देते हैं। लेकिन वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सच्चाई इसके काफी उलट है। दूध के पोषक तत्व जैसे कैल्शियम, प्रोटीन और विटामिन बी12 शरीर के लिए अनिवार्य हैं, बशर्ते आप दूध की गुणवत्ता और अपनी शारीरिक जरूरतों को समझें। इसलिए आइए इस लेख में दूध से जुड़े उन भ्रमों के बारे में जानते हैं, जिसे कुछ लोग सच मानते हैं।



**क्या दूध वास्तव में एक संपूर्ण भोजन है?**

सबसे बड़ा भ्रम यह है कि दूध एक 'संपूर्ण भोजन' है। डॉक्टर शालिनी के अनुसार यह पूरी तरह सच नहीं है। हालांकि दूध में प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन बी12 प्रचुर मात्रा में होता है, लेकिन इसमें आयरन, फाइबर और विटामिन-सी जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों की कमी होती है। इसलिए संतुलित भोजन को छोड़कर केवल दूध पर निर्भर रहना शरीर में पोषण संबंधी कमी पैदा कर सकता है। दूध आहार का एक हिस्सा हो सकता है, लेकिन यह संपूर्ण भोजन का विकल्प नहीं है।

**क्या दूध पीने से बढ़ता है शुगर लेवल?**

डायबिटीज के मरीजों में यह डर रहता है कि दूध पीने से 'शुगर स्पाइक' होगा। हकीकत यह है कि दूध में मौजूद प्रोटीन और हेल्दी फैट्स की अच्छी मात्रा शुगर के अवशोषण को धीमा कर देती है, जिससे अचानक शुगर नहीं बढ़ती। समस्या तब होती है जब लोग मिलावटी या अत्यधिक हाई फैट वाला दूध पीते हैं। अगर दूध शुद्ध है और फैट संतुलित है, तो यह शुगर के लिए सुरक्षित है।

**हल्दी और काली मिर्च वाला दूध?**

अक्सर माना जाता है कि दूध हमेशा हल्दी और काली मिर्च के साथ ही पीना चाहिए। डॉक्टर इसे एक बड़ा मिथक बताती हैं। उनके अनुसार, हल्दी वाला दूध केवल तभी फायदेमंद है जब शरीर में सूजन हो या किसी विशेषज्ञ ने इसकी सलाह दी हो। बिना कारण रोजाना औषधीय मसालों का अधिक सेवन हर किसी के लिए जरूरी या सही नहीं होता है।



**मिलावट और फैट का सही चुनाव है असली चुनौती**

यह समझना जरूरी है कि दूध अपने आप में डायबिटीज या सूजन नहीं बढ़ाता। असली समस्या मिलावट और अधिक फैट की है। अगर आप मिलावटी या अत्यधिक फैट वाला दूध लेते हैं, तो यह मोटापे और पाचन संबंधी समस्याओं का कारण बन सकता है। डॉक्टर शालिनी की सलाह है कि दूध को मॉडरेशन में पिएं और कोशिश करें कि रात में सोने से पहले दूध जरूर लें इससे अच्छी नींद आती है।





## छोटे शहरों के लेखकों को नहीं मिल पा रहा पूरा अवसर : सिद्धांत चतुर्वेदी

अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने हिंदी फिल्म उद्योग में छोटे शहरों और कस्बों से आने वाले लेखकों की स्थिति को लेकर खुलकर अपनी बात रखी है। एक हालिया बातचीत में उन्होंने कहा कि देश के छोटे शहरों में अपार रचनात्मक प्रतिभा मौजूद है, लेकिन उद्योग की सीमित सोच और व्यवस्था के कारण कई लेखकों की आवाज आगे नहीं पहुंच पाती। सिद्धांत ने कहा कि यदि हिंदी सिनेमा को आम दर्शकों से गहराई से जुड़ना है, तो उसे महानगरों की सीमाओं से बाहर निकलकर वास्तविक भारतीय कहानियों को अपनाना होगा। उन्होंने यह भी चिंता जताई कि लेखकों को आज भी उनकी मेहनत के अनुसार मेहनताना नहीं मिल पा रहा है। अभिनेता का कहना था कि हिंदी सिनेमा में केवल मनोरंजन प्रधान फिल्मों के बजाय हृदय से जुड़ी, जमीनी कहानियों की भी जरूरत है, लेकिन ऐसे विषयों पर लिखने वालों को पर्याप्त मौके नहीं मिलते। उन्होंने यह भी कहा कि भाषा और सांस्कृतिक जुड़ाव की कमी के कारण मुख्यधारा का सिनेमा धीरे-धीरे दर्शकों से दूर होता जा रहा है। उत्तर प्रदेश के बलिया से ताल्लुक रखने वाले सिद्धांत ने अपने संघर्षों का ज़िक्र करते हुए कहा कि बिना किसी फिल्मी पृष्ठभूमि के उद्योग में जगह बनाना आसान नहीं होता। यही वजह है कि वे सच्ची और संवेदनशील कहानियों का समर्थन करते रहे हैं।

## फिल्म 'हक' में यामी गौतम के अभिनय की हर ओर सराहना

अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों अपनी नई फिल्म 'हक' में दमदार अभिनय को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में उनके प्रदर्शन की न केवल दर्शक बल्कि फिल्म जगत के कई प्रमुख नामों ने भी सराहना की है। यामी के अभिनय को संवेदनशील, प्रभावशाली और कहानी की आत्मा से जुड़ा बताया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि यह भूमिका यामी के करियर की सबसे सशक्त प्रस्तुतियों में से एक मानी जा रही है। वर्ष 2025 में महिला प्रधान फिल्मों के लिहाज से यह प्रदर्शन खास माना जा रहा है। फिल्म जगत से जुड़े लोगों के अनुसार, यामी ने लगातार अपने काम के बल पर पहचान बनाई है। बिना किसी विशेष सहारे के अपने करियर को आगे बढ़ाने वाली यामी को अब मिल रही सराहना लंबे समय से किए गए परिश्रम का परिणाम मानी जा रही है।



## जीवन की रफ्तार धीमी कर पल में जीने का संदेश दे रहीं माधुरी दीक्षित

हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने अपने प्रशंसकों को जीवन के शांत पलों को अपनाने का संदेश दिया है। उन्होंने अपने सामाजिक मंच पर साझा की गई तस्वीरों के साथ लिखा कि कभी-कभी जीवन की रफ्तार धीमी कर वर्तमान में जीना जरूरी होता है। माधुरी ने अपने शुरूआती फिल्मी दौर को याद करते हुए बताया कि उस समय शूटिंग के दौरान सुविधाओं का अभाव होता था, लेकिन फिर भी काम के प्रति प्रेम और समर्पण बना रहता था। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद उस दौर में काम करने का अपना ही आनंद था। लगभग चार दशकों से फिल्म उद्योग से जुड़ी माधुरी का मानना है कि सादगी, धैर्य और अपने काम से प्रेम ही कलाकार को आगे बढ़ाता है।





## चंकी पांडे कंजूस नहीं, परिवार के लिए हमेशा दिल खोलकर खड़े रहते हैं : भावना पांडे

अभिनेता चंकी पांडे की पत्नी भावना पांडे ने उनके स्वभाव को लेकर फैली धारणाओं पर अपनी बात रखी है। भावना का कहना है कि फिल्मों में और लोगों के बीच चंकी को भले ही कंजूस माना जाता हो, लेकिन निजी जीवन में वे परिवार के लिए हमेशा दिल खोलकर साथ खड़े रहते हैं।भावना ने बताया कि जब भी उन्हें या बच्चों को किसी चीज की जरूरत पड़ी, चंकी ने कभी पीछे हटकर नहीं देखा। उन्होंने यह भी कहा कि चंकी का हर बात को मजाक में लेने का स्वभाव कभी-कभी परेशानी का कारण बन जाता है, लेकिन उनका दिल बहुत साफ है। भावना ने अपने वैवाहिक जीवन के शुरूआती दिनों को याद करते हुए बताया कि चंकी के करियर के कठिन दौर में भी उन्होंने परिवार को पूरा समय दिया और बच्चों की परवरिश में अहम भूमिका निभाई।



## अल्लू अर्जुन की २३वीं फिल्म का निर्देशन करेंगे लोकेश कनगराज

दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन अपनी 23वीं फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का निर्देशन जाने-माने निर्देशक लोकेश कनगराज करेंगे। फिल्म की शूटिंग वर्ष 2026 में शुरू होने की संभावना है। फिल्म के साथ देश के चर्चित संगीतकार अनिरुद्ध जुड़े होंगे। यह प्रोजेक्ट अल्लू अर्जुन के करियर की बड़ी फिल्मों में शामिल माना जा रहा है। इसके अलावा अभिनेता के पास 'पुष्पा' श्रृंखला की अगली कड़ी और एक अन्य बड़े बजट की फिल्म भी कतार में है। फिल्म जगत में इस नई जोड़ी को लेकर दर्शकों के बीच उत्साह देखा जा रहा है।

# न्यूज़ीलैंड ने भारत को सात विकेट से हराया, मिचेल का शतक

## सीरीज 1-1 की बराबरी पर





### सस्ते में आउट हुए रोहित-विराट




भारत के लिए राहुल और गिल के अलावा रवींद्र जडेजा ने 27, रोहित शर्मा ने 24, विराट कोहली ने 23, नीतीश कुमार रेड्डी ने 20, श्रेयस अय्यर ने आठ और हर्षित राणा ने दो रन बनाए। मोहम्मद सिराज दो रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड के लिए क्रिस्टन क्लार्क ने तीन विकेट झटके, जबकि काइल जैमिसन, जकारी फोक्स, जेडन लोनोक्स और माइकल ब्रेसवेल को एक-एक सफलता मिली।

**राजकोट।** डेरिल मिचेल के नाबाद शतकीय पारी और विल यंग तथा ग्लेन फिलिप्स की शानदार पारियों से न्यूज़ीलैंड ने दूसरे वनडे में भारत को सात विकेट से हराया। भारत ने केएल राहुल के शतक की बदौलत 50 ओवर में सात विकेट पर 284 रन बनाए। न्यूज़ीलैंड ने मिचेल के 117 गेंदों पर 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 131 रन की मदद से 47.3 ओवर में तीन विकेट पर 286 रन बनाकर मैच जीता। फिलहाल दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर पहुंच गई है। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूज़ीलैंड ने दो विकेट जल्द गंवा दिए थे, लेकिन इसके बाद मिचेल और विल यंग ने तीसरे विकेट के लिए 162 रनों की साझेदारी कर मैच का रुख पलट दिया। यंग शतक लगाने से चूक गए और 98 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 87 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मिचेल ने ग्लेन फिलिप्स के साथ पारी आगे बढ़ाई और मैच समाप्त किया। फिलिप्स 25 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 32 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत के लिए हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिले।

### केएल राहुल ने जड़ा शतक

इससे पहले, केएल राहुल की नाबाद शतकीय पारी के दम पर भारत ने न्यूज़ीलैंड के सामने 285 रनों का लक्ष्य रखा। न्यूज़ीलैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। केएल राहुल ने 92 गेंदों पर 11 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 112 रन बनाए जिसके दम पर भारत ने 50 ओवर में सात विकेट पर 284 रन बनाए। भारत के लिए राहुल के अलावा शुभमन गिल ने 56 रन बनाए, जबकि अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सके।








## श्रीकांत की शानदार जीत, खेल परिस्थितियों पर उठे सवालों पर की बात; पीवी सिंधू पहले राउंड से बाहर





**नई दिल्ली (एनएनआई)।** इंडिया ओपन 2026 में भारतीय बैडमिंटन को शुरूआती दौर में झटका लगा, जब दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को राउंड-1 में निचली रैंकिंग की वियतनाम की खिलाड़ी गुयेन थुई लिन्ह के खिलाफ तीन गेम तक चले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इसी टूनार्मेंट में पूर्व विश्व नंबर-1 किदांबी श्रीकांत ने शानदार संघर्षपूर्ण जीत दर्ज करते हुए दूसरे दौर में जगह बनाई और साथ ही खेल परिस्थितियों को लेकर उठे विवाद पर अपनी स्पष्ट राय रखी। पूर्व विश्व नंबर-1 भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने इंडिया ओपन सुपर 750 में शानदार प्रदर्शन करते हुए हमवतन थरुण मणिपल्ली को कड़े मुकाबले में हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली। श्रीकांत ने यह मुकाबला 15-21, 21-6, 21-19 से अपने नाम किया। मैच के बाद श्रीकांत ने टूनार्मेंट की खेल परिस्थितियों को लेकर उठे विवाद पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। दरअसल, डेनमार्क की खिलाड़ी मिया ब्लिचफेल्ट ने इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए इसे अस्वस्थ वातावरण बताया था और बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) से हस्तक्षेप की मांग की थी। हालांकि, श्रीकांत ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उन्हें आयोजन स्थल पर कुछ भी असामान्य या खराब नहीं लगा। उन्होंने कहा, 'हर देश की अपनी परिस्थितियाँ होती हैं।

# लिजेल ली और वोलवाड्र्ट की पारियों से दिल्ली को पहली जीत

## यूपी वॉरियर्स सात विकेट से हारी






**नवी मुंबई।** लिजेल ली और लॉरा वोलवाड्र्ट की बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग के मुकाबले में यूपी वॉरियर्स को सात विकेट से हरा दिया। डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने 155 रन के लक्ष्य को तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर टूनार्मेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की।

पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी वॉरियर्स की शुरूआत एक बार फिर निराशाजनक रही। सलामी बल्लेबाज किरण नवगिरे खाता खोले बिना ही पवेलियन लौट गईं। इसके बाद फीबी लिचफील्ड ने कुछ आक्रामक शॉट खेले, लेकिन 27 रन बनाकर आउट हो गईं। कप्तान मेग लैनिंग ने पारी को संभालते हुए 38 गेंदों पर 54 रन की अहम अर्धशतकीय पारी खेली। हरलीन देओल ने भी 47 रन का योगदान दिया। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 85 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई।

हालांकि अंतिम ओवरों में यूपी की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई। आखिरी पांच ओवरों में टीम केवल 24 रन ही जोड़ सकी और लगातार विकेट गिरते रहे। यूपी वॉरियर्स की पूरी टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 154 रन ही बना सकी। दिल्ली की ओर से मारिजन कैप ने प्रभावी गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 24 रन देकर दो विकेट झटके।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरूआत संतुलित रही। शेफाली वर्मा ने 36 रन बनाकर टीम को तेज शुरूआत दी, लेकिन वह बड़ा स्कोर नहीं बना सकीं। इसके बाद लिजेल ली ने जिम्मेदारी संभाली और 44 गेंदों पर 67 रन की शानदार पारी खेली। उनकी पारी में आठ चौके और तीन छक्के शामिल रहे।

कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने 21 रन जोड़े, जबकि अंत में लॉरा वोलवाड्र्ट ने संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए 24 गेंदों पर नाबाद 25 रन बनाए। मुकाबला अंतिम गेंद तक रोमांचक रहा, जहां वोलवाड्र्ट ने चौका लगाकर टीम को सात विकेट से जीत दिला दी।

इस जीत के साथ दिल्ली कैपिटल्स ने टूनार्मेंट में अपना खाता खोला, जबकि यूपी वॉरियर्स को लगातार हार का सामना करना पड़ा।

## गुरुवार, 15 जनवरी राशिफल

मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन शुभ लाभदायक रहेगा। नौकरी में आज आपको अधिकारियों से सहयोग मिलेगा, आप कुछ नया काम भी आज शुरू कर सकते हैं। सरकारी क्षेत्र के काम में आज आपको कामयाबी मिलने का योग बना है।

वृषभ राशि के लोगों के लिए आज गुरुवार का दिन शुभ रहेगा। आपकी राशि के स्वामी शुक्र आज सूर्य के साथ युति में रहेंगे ऐसे में आपको आज विपरीतलिंगी सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। नौकरी मे आज आपका प्रभाव बना रहेगा। आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सहयोग प्राप्त कर पाएंगे।

मिथुन राशि के जातकों के लिए आज राशि स्वामी बुध का गोचर शुभ रहेगा। आपको अपनी बुद्धि और व्यावहारिकता का फायदा मिलेगा। आर्थिक मामलों में आपको अपनी योजनाओं का फायदा मिलेगा। नकौरी में आपका सम्मान बना रहेगा।

कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। राशि स्वामी आज नीच राशि में होंगे लेकिन सूर्य और शुक्र की सप्तम दृष्टि प्राप्त होने से आपको कार्यक्षेत्र मं उन्नति का मौका मिलेगा। आर्थिक लाभ का संयोग बनेगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ व्यक्तियों और सहकर्मियों से आपको सहयोग मिलेगा।

आज का दिन सिंह राशि के जातकों के लिए मिश्रित फलदायी होगा। आपको कार्यक्षेत्र में आज अपने काम से काम रखना चाहिए और जहां तक हो सके आज आपको दूसरों के काम से दूरी बनाकर रखना चाहिए। सरकारी मामलों में आज आपको सफलता पाने के लिए अधिक परिश्रम की जरूरत होगी।

कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन बुध और सूर्य के गोचर से शुभ रहेगा। आप आज बिजनेस में बुद्धि, वाणी और विवेक से लाभ प्राप्त कर पाएंगे। आपके कार्यक्षेत्र में आज अनुकूल स्थिति बनी रहेगी और आपको साथी सहकर्मियों से भी सहयोग मिलेगा।

आज गुरुवार का दिन तुला राशि के जातकों के लिए आनंददायक रहेगा। आप आज एक से अधिक स्रोत से लाभ प्राप्त कर पाएगे। नौकरी में आपका काम भी आज सुचारू रूप से चलेगा। सहयोगियों से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको आज सुख साधनों के मिलने की भी खुशी होगी।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज गुरुवार का दिन सामान्य रूप से अनुकूल कहा जा सकता है। राशि में जहां चंद्रमा विराजमान हैं तो वहीं राशि स्वामी मंगल दूसरे भाव में गोचर कर रहे हैं। ऐसे में आज आपको कामकाज में आज संयम रखना होगा।

आज धनु राशि के लिए गुरु की दृष्टि शुभ फलदायी है। आपको आज किसी वरिष्ठ व्यक्ति से सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आपके कार्यक्षेत्र में आज प्रगति होगी। आपको कोई लाभदायक मौका भी मिलेगा। नौकरी में आपको आज साथी सहकर्मी से सहयोग मिलेगा।

मकर राशि के लोगों के लिए आज गुरुवार का दिन शुभ लाभदायक रहेगा। आप ऊर्जा और उत्साह से भरपूर बने रहेंगे। राशि में विराजमान सूर्य आपको सरकारी क्षेत्र के काम में सफलता दिलाएंगे। नौकरी में आज आपको कोई रुचि का काम मिल सकता है।

आज गुरुवार का दिन कुंभ राशि के जातकों के लिए मिश्रित परिणाम देने वाला रहेगा। आपको आज चतुराई और कूटनीतिक बुद्धि से लाभ मिल पाएगा। आज राजनीति से जुड़े जातकों को पद और सम्मान की प्राप्ति होगी। आर्थिक मामलों में आज आपको अपने प्रयास का लाभ मिलेगा।

मीन राशि के जातको के लिए आज का दिन सामान्य रूप से अच्छा रहेगा। आपकी राशि भाग्य भाव में चंद्रमा का गोचर करना और सूर्य का एकादश भाव में होना आपके लिए लाभ का संयोग बना रहा है। आपको करियर मे उन्नति का मौका मिलेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

NNI हर खबर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया



# मैं पतंग हूँ प्यारे तेरे हाथ है मेरी डोर...

- श्री श्याम लाडला परिवार सेवा समिति ने षटतिला एकादशी पर खाटूश्याम मंदिर पर किया अरदास कीर्तन
- अरदास संकीर्तन में श्याम नाम की पतंगों से सजा दरबार

एनएनआई



**आगरा।** श्री श्याम लाडला परिवार सेवा समिति की ओर से षटतिला एकादशी पर श्री श्याम अरदास संकीर्तन का आयोजन जीवनी मंडी स्थित खाटूश्याम मंदिर में किया गया। शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष नीरज गुप्ता, विष्णु खंडेलवाल और प्राशु अग्रवाल ने ज्योति प्रज्वलित कर किया। गुरुग्राम से आये भजन गायक नरेश सैनी ने भक्तों ने मैं पतंग हूँ प्यारे तेरे हाथ है मेरी डोर.., पतंग उड़ी खाटू के नाम की..., मेरे दिल की पतंग में श्याम की डोर तू लगाई देना.. सब कुछ छोड़ कर आ श्याम की शरण में.. जैसे एक के बाद एक भजनों से सभी को भावविभोर कर दिया। स्थानीय भजन गायक ने तेरा किसने किया श्रृंगार संवारे... भजन गाये तो श्याम प्रेमी खाटू नरेश की भक्ति में झूमते रहे ।

पतंगी दरबार में विराजे खाटू नरेश संकीर्तन में मकर संक्राति पर श्याम बाबा के रंग-बिरंगी पतंगों से दरबार में पतंग स्वरूप के दर्शन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

श्याम बाबा का दरबार सोनू गोयल ने कलकत्ता से आए रजनीगंधा व ऑर्चिड के पुष्प, दिल्ली से आए सफेद गुलाब व बेला के फूल और कन्नौज के सुगंधित इत्रों से सजाया। इस दौरान राजीव अग्रवाल, दीपांशु अग्रवाल, शुभम गोयल, सोनेंद्र चौहान, विनय अग्रवाल, अमित गोयल, सचिन जियो, मेघ सिंह राजपूत, सचिन गर्ग, दीपक अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, रवि, बादल, कपिल आदि मौजूद रहे।

# अपनी इंद्रियों पर विजय पाने वाला ही सुदामा

## पंचकुइया स्थित माथुर वैश्य भवन में चल रही श्रीमद भागवत कथा का हुआ समापन



एनएनआई

**आगरा।** अपनी इंद्रियों का दमन कर ले वही सुदामा है। सुदामा की मित्रता भगवान के साथ निःस्वार्थ थी उन्होने कभी उनसे सुख साधन या आर्थिक लाभ प्राप्त करने की कामना नहीं की लेकिन सुदामा की पत्नी द्वारा पोटली में भेजे गये चावलों में भगवान श्री कृष्ण से सारी हकीकत कह दी और प्रभु ने बिन मांगे ही सुदामा को सब कुछ प्रदान कर दिया। पंचकुइया स्थित माथुर वैश्य भवन में चल रही श्रीमद भागवत कथा मे व्यास हरिदास अंकित कृष्ण महाराज ने ये उद्गार व्यक्त किये। श्रीमद्भागवत कथा के सातवे दिन सुदामा चरित्र का मार्मिक संजीव वर्णन श्रद्धालुओं के समक्ष व्यक्त किया। अंकित कृष्ण महाराज ने श्रद्धालुओ को बताया कि सुदामा के आने की खबर पाकर किस प्रकार श्रीकृष्ण दौड़ते हुए दरवाजे तक गए थे। पानी परात को हाथ छूवो नाही, नैनन के जल से पग धोये अर्थात श्री कृष्ण अपने बाल सखा सुदामा की आवभगत में इतने विभोर हो गए के द्वारका के नाथ हाथ जोड़कर और अंग लिपटाकर जल भरे नेत्रो से सुदामा का हालचाल पूछने लगे। कथा के यजमान आजाद गुप्ता एवं शोभा गुप्ता रहे। कथा संयोजक अतुल गुप्ता ने बताया कि सातवे दिन दोपहर में एकादशी उद्यापन और शाम को भागवत व्यास पूजन कर कथा को विश्राम दिया गया। आज गुरुवार को भक्तो के लिए भंडारे का आयोजन होगा। इस अवसर पर डॉ. प्रमोद गुप्ता, विनोद गुप्ता सर्राफ, पारुल गुप्ता, सुनील अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, एसएन गुप्ता, समर्थ अग्रवाल, ओमप्रकाश गुप्ता, अरविंद सिंघल, संजय मेहरा, डॉ. आरपी गुप्ता, शरद गुप्ता, मीना, सारिका, अनु, नेहा आदि ने भागवत महापुराण की आरती की।

# षट्तिला एकादशी पर पतंग स्वरूप में प्रकट हुए श्याम बाबा

- रंग-बिरंगी पतंगों, गुलाबों और स्वर्ण आभूषणों से सजा जीवनी मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर

एनएनआई



**आगरा।** षट्तिला एकादशी एवं मकर संक्रांति के पावन एवं पुण्यदायी अवसर पर जीवनी मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर में भक्तिभाव और उल्लास का अनुपम संगम देखने को मिला। इस शुभ अवसर पर श्याम बाबा ने पतंग स्वरूप में दिव्य दर्शन देकर अपने भक्तों को निहाल किया। पूरे मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी पतंगों से आकर्षक रूप से सजाया गया, जिससे वातावरण आनंद, भक्ति और उत्सवमय हो उठा। श्याम बाबा को लाल गुलाब के पुष्प-बंगले एवं स्वर्ण आभूषणों से भव्य रूप से श्रृंगारित किया गया। पतंग उड़ाते अलौकिक स्वरूप में विराजमान श्याम बाबा के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। प्रातःकाल से लेकर देर रात्रि तक मंदिर में भक्तों का निरंतर प्रवाह बना रहा और संपूर्ण परिसर ह्जय श्री श्यामह्व के गगनभेदी जयकारों से गूंजता रहा। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश चंद्र अग्रवाल ने षट्तिला एकादशी एवं पतंग उत्सव के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व त्याग, सेवा, श्रद्धा और भक्ति का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इस दिन श्याम बाबा की आराधना से भक्तों को विशेष पुण्य और आध्यात्मिक शांति की प्राप्ति होती है। इस भव्य आयोजन की व्यवस्थाओं हेमेंद्र अग्रवाल, संजय अग्रवाल, विपिन बंसल, विकास गोयल, अमित गोयल आदि ने संभाला।

# पतंग महोत्सव आयोजन से गुलजार हुआ यमुना आरती स्थल

**आगरा (एनएनआई)।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर यमुना आरती स्थल पर एक विराट पतंग महोत्सव का आयोजन हुआ जिसमे शहर की जनता ने हर्षोल्लास से साथ भाग लिया । रंग बिरंगी पतंगों से आसमान पट गया सभी पतंग पर यमुना की स्वच्छता निर्मलता का सन्देश था सभी अतिथियों ने यमुना की दुर्दशा पर चिंता जताई और प्रार्थना की कि माँ यमुना शीघ्र स्वच्छ हों और निर्मल कलकल बहती रहें ।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री योगेंद्र उपाध्याय थे। मण्डलायुक्त शैलेन्द्र सिंह,विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, विधायक विजय शिवहरे, सहायक नगर आयुक्त अशोकप्रिय गौतम, जिला सूचना अधिकारी शैलेन्द्र शर्मा विशिष्ट अतिथि थे । कार्यक्रम का संचालन जुगल श्रोत्रिय ने किया। यमुना महाआरती महंत नंदन श्रोत्रिय द्वारा संपन्न कराई गई । पतंग महोत्सव मे डॉ देवाशीष भट्टाचार्य, सुनंदा भट्टाचार्य, डॉ हरेंद्र गुप्ता, चतुर्भुज तिवारी, अभिनव श्रोत्रिय, दीपक राजपूत, निधि पाठक, श्रुति सिन्हा,पूजा भौमिक, शहतोष गौतम,आशीष भट्टाचार्य, सुशील गोस्वामी, आनंद राय, दीपक खरे, अनुराग चतुर्वेदी, ललिता करमचंदानी, संतोष शर्मा, कैलाश कश्यप, रंजन शर्मा जी आदि उपस्थित रहे।

# ब्रज की भक्ति परंपरा को मंच देगी लोक समूह नृत्य प्रतियोगिता

- समिति ने बैठक में आयोजन के पोस्टर का किया विमोचन

एनएनआई



**आगरा।** श्री राम चाइल्ड वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से नई पीढ़ी और जनमानस को अध्यात्म एवं सनातन संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से धार्मिक समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। मंगलवार को गाँधी नगर स्थित उडुपी रेस्टोरेंट में आयोजित बैठक में कार्यक्रम के पोस्टर विमोचन संस्था के पदाधिकारियों ने किया। संस्थापक एल.डी. अग्रवाल ने बताया कि नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की... जैसे लोकप्रिय भक्ति लोकगीत न केवल ब्रज क्षेत्र बल्कि देश की विभिन्न भाषाओं में प्रचलित हैं। जब इन भक्ति गीतों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया जाता है, तो वह अत्यंत प्रभावशाली होता है और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करता है। इसी भावना को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए संस्था यह डिवोशनल ग्रुप डांस प्रतियोगिता आयोजित कर रही है। रीता निगम ने बताया कि आगामी 30 अप्रैल को आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में इंटरमीडिएट कॉलेजों के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 30,000, द्वितीय 20,000, तृतीय 15,000 तथा शेष पांच प्रतिभागियों को 7,500 का प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। एक समूह में न्यूनतम 8 और अधिकतम 10 प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे। बैठक में प्रतियोगिता के आयोजन हेतु एक आयोजन समिति का गठन किया गया है। बैठक में चित्रकला प्रतियोगिता के सहयोगियों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया। संचालन सुशील सरित ने किया।

इस अवसर पर प्रो. बिंदु अवस्थी, प्रो. नीलम कांत, डॉ. शालिनी मिश्रा, डॉ. ममता बंसल, सुशील सरित, डॉ. मीनाक्षी ठाकुर, डॉ. साधना सिंह, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. देवाशीष गांगुली, रेनू शर्मा, प्रो. मीरा, डॉ. सविता, राजेश जैन, हरीश भदोरिया, प्रो. रीता निगम आदि मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति पर व्यापारियों ने किया सेवा भाव का प्रदर्शन

## राष्ट्रीय व्यापारिक सामाजिक महासंघ ने बेसहारा लोगों को दी राहत सामग्री

**आगरा (एनएनआई)।** राष्ट्रीय व्यापारिक सामाजिक महासंघ की ओर से मकर संक्रांति के अवसर पर व्यापारियों द्वारा वितरण कार्यक्रम का आयोजन ताजगंज स्थित हनुमान धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रवि प्रकाश अग्रवाल, महासंघ के संस्थापक संजीव पोरवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष राम चरण पोरवाल एवं सपा शिक्षक सभा की जिलाध्यक्ष सुलेखा श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजू गोयल ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व दान, करुणा और सेवा का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से यह संदेश दिया जाता है कि भारत के प्रत्येक पर्व को सेवा भाव के साथ मनाया जाना चाहिए। कार्यक्रम के अंतर्गत व्यापारियों ने लगभग 200 बेसहारा एवं जरूरतमंद लोगों को गजक, कंबल एवं गर्म कपड़े वितरित किए। सेवा कार्य का उद्देश्य ठंड के मौसम में गरीब और असहाय लोगों को राहत प्रदान करना तथा उन्हें सर्दी से बचाव में सहयोग देना रहा। कार्यक्रम में शीलू गुप्ता, मनोज कुमार, प्रशांत कुमार, कमल ठाकुर, अखिलेश पोरवाल, अंशुल बोहरा, विनय पोरवाल, मनीष भारद्वाज, राजीव सविता, राजकुमार यादव, चेतन वर्मा, कालीचरण, आशु आदि उपस्थित रहे।

